उज्जैन
मंगलवार
05
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-181
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



बड़े प्रोजेक्ट्सः तुम्बाड 2 में हुई आलिया की सरप्राइज एंट्री आखिरी फेज में है स्पाई ड्रामा

पेज- 8

## अमेरिकी जहाजों पर किया हमला तो दुनिया के नक्शे से मिटा देंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को शख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा अगर ईरान अमेरिकी जहाजों पर हमला करता है तो



उसे तबाह कर दिया जाएगा। ट्रंप के इस बयान के बाद पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को ईरान को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों को सुरक्षा दे रहे अमेरिकी बेड़ों पर हमला करने की कोशिश की, तो ईरान को धरती के नक्शे से मिटा दिया जाएगा। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में यह सख्त बात कही। यह तनाव तब बढ़ा जब ईरान ने उन जहाजों को निशाना बनाया जिन्हें अमेरिकी सेंट्रल कमांड 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के तहत सुरक्षा दी जा रही थी।

## अमेरिका ने होर्मुज में 7 ईरानी नावें डुबोईं, व्यापारिक जहाजों पर हमले का आरोप

**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उनकी मिलिट्री ने ईरान के 7 छोटी जहाजों को डुबो दिया है। उनके मुताबिक ये होर्मुज से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों पर हमला कर रही थीं। हालांकि, ईरान ने इस पर अभी कोई जवाब नहीं दिया है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के पास आगे दो ही रास्ते हैं। या तो ईमानदारी से समझौता करे, या फिर दोबारा हमले झेलने के लिए तैयार रहे। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि अगर ईरानी सेना ने अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने की गलती की तो उन्हें धरती से मिटा दिया जाएगा। अमेरिका ने सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास प्रोजेक्ट फ्रीडम ऑपरेशन शुरू किया है। इसके तहत वह वहां गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा दे रही है।

## सुनेत्रा पवार ने जीत का इतिहास बनाया, 2.18 लाख वोटों से जीतीं

**नई दिल्ली।** देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती



सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जीत का यह अंतर भारत में किसी विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा है। सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से सुनेत्रा की जीत पहले से लगभग तय थी। उनके खिलाफ 22 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे।

## सेंसेक्स 250 अंक गिरकर 77,000 के स्तर पर आया

**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी 5 मई को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स करीब 250 अंक गिरकर 77,000 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 100 अंक की गिरावट है, ये 24,000 के स्तर पर आ गया है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में गिरावट और 12 में तेजी देखने को मिल रही है। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और सन फार्मा जैसे शेयरों में 2% तक की गिरावट देखने को मिल रही है। इससे पहले सोमवार, 4 मई को शेयर बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 355 अंक चढ़कर 77,269 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 121 अंक ऊपर रहा, ये 24,119 के स्तर पर बंद हुआ था। कारोबार में रियल्टी, मेटल, फार्मा और ऑटो के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही।

# बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार

### पार्टी दस साल में 3 सीटों से 206 सीटों पर पहुंच गई, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में सरकारें बदल गईं, असम और पुडुचेरी में एनडीए ने वापसी की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट सोमवार को आए। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में सरकारें बदल गईं। असम और पुडुचेरी में एनडीए ने वापसी की। बंगाल में टीएमसी को हराकर भाजपा पहली बार सत्ता में आई। पार्टी दस साल में 3 सीटों से 206 सीटों पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें डीएमके या एआईएडीएमके नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन चुनाव हार गए।



### तमिलनाडु में एक्टर विजय बनेंगे सीएम



### भाजपा का 70% स्ट्राइक रेट

- **महिला को मिल सकती है कमानः** बंगाल में भाजपा ने बिना चेहरे के चुनाव लड़ा, इसलिए अब बड़ा सवाल यह है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे है। पार्टी किसी महिला चेहरे को भी ला सकती है।
- **भाजपा का 70% स्ट्राइक रेटः** बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70% का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, टीएमसी 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6% रहा।
- **ममता समेत 12 मंत्री हारेः** सीएम ममता समेत 12 मंत्री चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है।
- **पहली बार राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकारः** 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।
- **राज्य में नॉर्थ से साउथ तक बीजेपीः** साउथ बंगाल पहले टीएमसी का मजबूत गढ़ था, यहां बीजेपी ने सबसे ज्यादा 33 सीटें जीतीं। नॉर्थ 24 परगना में बीजेपी ने 18 सीटें जीत लीं। टीएमसी को यहां 15 सीटें मिलीं। पूर्वी मेदिनीपुर में बीजेपी ने 16 और हुगली में 15 सीटें जीतीं। नॉर्थ बंगाल की 54 सीटों में बीजेपी ने 27 सीटें जीतीं। मालदा में बीजेपी को 8 और टीएमसी को 4 सीटें मिलीं। जंगलमहल में भाजपा ने पुरुलिया की 9, बांकुरा की 11, पश्चिम मेदिनीपुर की 12 सीटें जीतीं। टीएमसी ने सबसे अधिक सीटें दक्षिणी बंगाल में जीतीं।
- **सबसे छोटी और सबसे बड़ी जीतः** बंगाल की सतगछिया सीट पर सबसे कम मार्जिन वाली जीत हुई। बीजेपी के अग्निस्वर नास्कर ने टीएमसी के सोमाश्री बेताल को 401 वोट से हराया है। माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी सीट पर जीत का मार्जिन सबसे बड़ा रहा। यहां बीजेपी के आनंदमय बर्मन ने टीएमसी के शंकर मलाकर को 1,04,265 वोट से हराया।

### राजस्थान के तापमान में 8 डिग्री की गिरावट

# बिहार में आंधी-बिजली से 20 लोगों की मौत



### हरियाणा में 15 हजार पेड़ उखड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से पर चक्रवात बनने से देश के बड़े हिस्से में मौसम बदल चुका है। दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक बादलों का लंबा ट्रफ बना हुआ है, जिससे उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का असर है।

पिछले 24 घंटे में भी बिहार, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर के राज्यों में आंधी और तेज बारिश हुई है। सोमवार को राजस्थान में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के कारण एक दिन में तापमान में 8 डिग्री की गिरावट आई। जयपुर समेत कई शहरों को अधिकतम तापमान 35 डिग्री से कम रहा।

मध्य प्रदेश में मई महीने में तेज गर्मी की जगह बारिश और आंधी का असर है। सोमवार को 15 जिलों बारिश और ओलावृष्टि हुई। बिहार में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 6 जिलों में 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हरियाणा में तेज आंधी से 15 हजार से ज्यादा पेड़ उखड़ गए।

हिमाचल प्रदेश के सोलन का तापमान सोमवार को 4.8 डिग्रीरहा। यह मई महीने का अब तक का सबसे कम तापमान रहा है। इससे पहले 14 मई 2021 को 9.4 डिग्री तापमान रहा था। ताबो का पारा 3.5 डिग्री और कुकुमसैरी का 4.1 डिग्री रहा।

### उज्जैन में 3 अगस्त को महाकाल की पहली सवारी...

# निर्माण कार्य अभी भी अधूरे

### प्रशासन की चिंता बढ़ी, मौजूदा समय में दोहरी चुनौती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण-भादो मास की सवारियों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। इस वर्ष कुल 6 सवारियां निकाली जाएंगी, जिसकी शुरूआत 3 अगस्त को पहली सवारी से होगी। हालांकि, सवारियों में अब केवल तीन महीने का समय शेष है और सवारी मार्ग सहित मंदिर परिसर के कई निर्माण कार्य अब भी अधूरे हैं, जिसने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

प्रशासन के सामने वर्तमान में दोहरी चुनौती है। एक ओर सिंहस्थ के मद्देनजर चल रहे विकास कार्य अधूरे हैं, वहीं दूसरी ओर 20 जून के आसपास मालवा में मानसून की सक्रियता संभावित है। बारिश शुरू होने के बाद खुदाई और ड्रेनेज से जुड़े कार्यों में भारी बाधा आ सकती है। इसी को देखते हुए संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा प्रतिदिन सुबह-शाम निर्माण स्थलों का जमीनी

**इस बार निकलेंगी 6 सवारियां**

पहली सवारी 3 अगस्त, दूसरी 10 अगस्त, तीसरी 17 अगस्त, चौथी सवारी 24 अगस्त, पांचवीं 31 अगस्त, अंतिम सवारी 7 सितंबर



निरीक्षण कर रहे हैं। सवारी मार्ग- भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मार्ग को चौड़ा और सुगम बनाने का कार्य जारी है, अधिकतर मार्ग खुदा पड़ा है। यहां पाइप लाइन, लाइटिंग, ड्रेनेज, रोड सभी काम अधूरे हैं। सिर्फ तीन महीने शेष है। मंदिर परिसर- श्रद्धालुओं की कतार व्यवस्था के लिए टनल और सुरक्षा स्ट्रक्चर अभी निर्माणाधीन हैं। स्मार्ट सिटीः मुख्य चौराहों पर लाइटिंग और फसाड का काम अंतिम चरणों में है। महाराजवाड़ा क्षेत्र- महाराजवाड़ा के समीप रिटेनिंग वॉल और सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है।



## खबर एक नजर...

### 24 साल देश सेवा के बाद गांव लौटे हवलदार का किया सम्मान

**उज्जैन।** छोटे से गांव राजपुरा के लाल और सेना में हवलदार पद पर रहे कमलेश पटेल 24 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होकर जब अपने गांव लौटे तो पूरा क्षेत्र भावुक हो उठा। 3 मई को रेणुका माता मंदिर परिसर में उनके सम्मान में रात को सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से चार हजार से अधिक लोग पहुंचे। 20 वर्ष की उम्र में सेना में भर्ती हुए पटेल ने अपने 24 साल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रत्येक सैनिक के लिए मातृभूमि की रक्षा सर्वोपरि होती है। सैनिक निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करता है और जरूरत पड़ने पर अपने प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटता। उनके उद्बोधन ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में मंच पर पटेल और उनकी पत्नी सहित जिले के कई भूतपूर्व सैनिकों का भी सम्मान किया गया। अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल और माता रेणुका की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में उनके छोटे भाई ओमप्रकाश पटेल, राजपुरा और आसपास के गांवों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और मानवता युवा मंडल के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई।

### शाम ढलने पर हवा ने बदला मौसम का मिजाज

**उज्जैन।** भीषण गर्मी के दौर में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। सोमवार शाम ढलने पर हवा ने एक बार फिर मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल दिया। दिन में बादलों की आवाजाही से उमस बढ़ने लगी थी, लेकिन अंधेरा होने पर गर्मी से राहत मिली और बारिश की संभावना नजर आने लगी थी। अप्रैल माह का अंतिम सप्ताह शुरू होते ही तापमान में तेजी आने लगी थी, 25 अप्रैल को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था और तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया था। 27-28 अप्रैल को न्यूनतम भी 26 डिग्री पहुंच गया था। ऐसा लग रहा था कि मई माह में तापमान 45 डिग्री के आसपास पहुंच जायेगा। लेकिन 30 अप्रैल से दिन-रात के तापमान में गिरावट आने लगी। मई माह की शुरूआत होने पर तापमान 40 डिग्री दर्ज हो रहा था, सोमवार को 39 डिग्री दर्ज हुआ। दिन में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। तभी शाम को अचानक हवा की रफ्तार तेज हो गई और मौसम पूरी तरह से बदल गया। ठंडी हवा से गर्मी से राहत महसूस हो रही थी। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर मौसम में बदलवा आया है। 2 से 3 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा और तापमान में उतार-चढ़ाव दर्ज होगा। प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ आंधी-बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

### महाकाल मंदिर समिति की बैठक, 11 करोड़ के शेड, दफसिस्टम, 299 करोड़ का बजट पास

**उज्जैन।** उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधाओं, डिजिटल सिस्टम और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के भुगतान, दर्शन व्यवस्था में सुधार और कंट्रोल रूम के एकीकरण को भी मंजूरी दी गई। यह महत्वपूर्ण बैठक 4 मई 2026 को महाकाल महालोक कंट्रोल रूम स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित की गई थी। इसकी अध्यक्षता कलेक्टर एवं समिति अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य मंदिर प्रशासन को सुदृढ़ करना, श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि करना और सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देना था। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकाल महालोक में लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से फैब्रिकेशन शेड लगाने का निर्णय लिया गया। ये शेड त्रिवेणी गेट से नंदी द्वार होते हुए बड़े गणेश मंदिर तक पूरे दर्शन मार्ग पर स्थापित किए जाएंगे। इससे गर्मी और बारिश के दौरान दर्शनार्थियों को राहत मिलेगी। इस कार्य को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत महाकाल लोक की मौजूदा डिजाइन और सौंदर्यीकरण के अनुरूप पूरा किया जाएगा।




**उज्जैन में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ**

# 22 खेलों के खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

खेल और युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से स्थानीय स्वर्गीय राजमाता सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी ओ पी हारोड़, पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा, टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष एस पी झा और सचिव सतीश मेहता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

शिविर में 22 खेलों के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी ओपी हारोड़ ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल में अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्टता प्राप्त करें और खेल की बारीकियों को सीखें। आपने सभी खिलाड़ियों से आव्हान किया कि वे अपना ऑनलाइन पंजीयन (रजिस्ट्रेशन) अवश्य कराए।

पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस, मलखंभ, एथलेटिक्स और फुटबॉल के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को आज से ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा, कड़ी मेहनत करनी होगी और वर्षभर खेलों से जुड़े रहना होगा। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों के कोच, जैसे बैडमिंटन कोच मोनिका खलौटिया, मलखंभ कोच अंजली यादव, एथलेटिक्स कोच सुदर्शन शर्मा, शूटिंग कोच विराज परिहार, फुटबॉल कोच नितिन अगस्टिन और फिजियोथैरेपिस्ट सुनील सेन भी उपस्थित थे। इस ग्रीष्मकालीन शिविर में 22 खेल संगठन अपने अपने खेल मैदानों पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं

इस अवसर पर 60+ आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले टेबल टेनिस खिलाड़ी आशीष श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन शर्मा ने किया, जबकि आभार व्यक्त अंजली यादव ने किया।

# एक माह में 23 बाल विवाह रोके

## नाबालिग ने फोन पर कहा- परिवार मेरी शादी कर रहा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जिले में पहली बार एक महीने में 23 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। कुछ मामलों में तो स्वयं नाबालिग दुल्हन ने सूचना देकर शादी रुकवाने का आग्रह किया था तो कई जगह से पड़ोसी व समाजजनों ने बाल विवाह के बारे में सूचना दी थी।

महिला एवं बाल विकास विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने यह 23 बाल विवाह एक अप्रैल से एक मई के बीच रुकवाए हैं। हैरत यह कि कुछ स्थानों पर तो 13-14 साल की किशोरी की शादी की जा रही थी। टीमों ने सर्वाधिक महिदपुर में 6 व उससे कम तराना में 5 बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की।

जानिए कहां कितने बाल विवाह रुकवाए गए तराना- ग्राम चितावलिया और नांदेड में 5 बाल विवाह रोके। महिदपुर- यशवंत नगर नैनावत व इसनखेड़ी में 6 बाल विवाह रोके। उज्जैन- हीरा मिल की चाल व नवाखेड़ा में 4 बाल विवाह रोके। बड़नगर- झलारिया, पात्याखेड़ी, चौसला में 3 बाल



विवाह रोके। खाचरौद- भाखेड़ा, पाड़सुलिया, रतलाम में 3 बाल विवाक रोके। घट्टिया- नानाखेड़ी व खेड़ा चिलावलिया में 2 बाल विवाह रोका।

**दो उदाहरण जानिए किस तरह सूचनाएं आती रही-** शादी की तैयारी हो चुकी थी, कुछ दिन बाद फेरे थे मैं नाबालिग हूं। परिवार वाले जबरदस्ती मेरी शादी कर रहे हैं। यह सूचना उज्जैन तहसील के एक गांव से एक किशोरी ने फोन पर दी थी। इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग व प्रशासन की टीम उसके गांव पहुंची। शादी की सभी तैयारी हो चुकी थी। कुछ दिन बाद फेरे वाले थे। टीम ने वर-वधु दोनों पक्षों को समझाइश देकर बाल विवाह रूकवाया। इस बात की गोपनीयता रखी कि सूचना किसने दी थी।

पड़ोस में बाल विवाह हो रहा बच्चे अभी आत्मनिर्भर नहीं पड़ोस में बाल विवाह होने जा रहा है। जिन बच्चों का विवाह हो रहा है वह आत्मनिर्भर ही नहीं है। अभी उनकी पढ़ाई करने व अपने पैरों पर खड़े होने की उम्र की है। यह सूचना महिदपुर के रहवासी ने दी थी। टीम जब मौके पर पहुंची तो सूचना सही निकली। बाद में नाबालिग दुल्हा-दुल्हन ने भी माना कि अभी उनकी उम्र विवाह के योग्य नहीं हैं। टीम ने उनके परिजनों से लिखित में लेकर विवाह रूकवाया।

**जागरूकता आ रही, कुछ जगह नाबालिक ने ही सूचना दी-** जिले में पहली बार एक महीने में 23 बाल विवाह रुकवाए हैं। कुछ मामलों में नाबालिग दुल्हन ने ही सूचना दी थी। इससे स्पष्ट है कि समाज में जागरूकता आ रही है।

**- ब्रजेश त्रिपाठी, डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग**

# खाचरौद में आधी रात को जिला सहकारी बैंक के टूटे ताले

### लॉकर में रखे थे 85 लाख, बैंक से गायब हुआ सीपीयू

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**


खाचरौद में रविवार-सोमवार रात जिला सहकारी बैंक के ताले टूट गये। बैंक में घुसने वालों ने सिर्फ बैंक डाटा से लोड़ सीपीयू गायब किया है। जबकि लॉकर में 85 लाख रुपए रखे थे। मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। चपरासी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

खाचरौद गल्ला मंडी के सामने जिला सहकारी बैंक में सोमवार सुबह चपरासी श्यामनारायण पहुंचा तो ताला टूटा मिला। मामले की सूचना बैंक अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों के आने पर पता चला कि ताला तोड़ने के बाद बदमाश अंदर पहुंचे थे, उन्होने सीसीटीवी कैमरों के साथ सभी कम्प्यूटर सिस्टम के तार काटे है। कैश लॉकर सुरक्षित है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के दौरान सामने आया कि ताला तोड़ने वाले बैंक डाटा से लोड़ सीपीयू अपने साथ ले गये है। पुलिस ने कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया तो कैमरे का डीवीआर भी अपडेट होना नहीं पाया गया। जिसके चलते ताला तोड़ने वाला का सुराग नहीं मिल पाया। बैंक अधिकारियों से डीवीआर मांगा गया लेकिन उन्होने बैंक टेक्निशियन के आने पर डीवीआर देने की बात कहीं। मामले में एसआई ईश्वर जोशी ने बताया कि मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। बैंक लॉकर में 80 से 85 लाख केश रखा था लेकिन ताला तोड़ने वालों ने लॉकर को हाथ तक नहीं लगाया। उन्होने सिर्फ कम्प्यूटर सिस्टम चैक किये और बैंक डाटा से लोड सीपीयू गायब किया है। आसपास लगे कैमरों के फुटेज भी देखने का प्रयास किया जा रहा है। चपरासी से पूछताछ में पता चला है कि वह रविवार को अवकाश होने पर बैंक आया था। सफाई और जरूरी काम के बाद शाम 6 बजे ताला लगाकर लौट गया था। एसआई जोशी के अनुसार चपरासी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

# महाकाल में लगाएंगे क्यूआर आधारित फ्लैप बैरियर्स

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में दर्शन व्यवस्था को और सुगम व व्यवस्थित बनाने के लिए क्यू आधारित फ्लैप बैरियर्स स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह महाकाल महालोक में 11 करोड़ की लागत से फैब्रिकेशन शेड लगाएंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सोमवार को श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार, सिंहस्थ की पूर्व तैयारियों को कई नवाचार के संबंध में मंथन किया।



महालोक कंट्रोल रूम स्थित मीटिंग हॉल में कलेक्टर एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक रखी गई। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार इसमें मंदिर में सुविधाओं के विस्तार और आगामी सिंहस्थ-2028 की पूर्व तैयारियों को लेकर प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा कर उनका अनुमोदन किया गया।

### समिति ने यह प्रमुख निर्णय लिए और उनका अनुमोदन

**बुनियादी ढांचा :** श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकाल महालोक में 11 करोड़ की लागत से फैब्रिकेशन शेड स्थापित करेंगे।

**आरती व्यवस्था में तकनीकी बदलाव:** संध्या एवं शयन आरती के महत्व के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इन आरतियों के आध्यात्मिक महत्व से अवगत हो सकें। दर्शन व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए क्यूआर आधारित फ्लैप बैरियर्स स्थापित किए जाएंगे।

**डिजिटल नवाचार :** वेबसाइट पर अन्नक्षेत्र मॉड्यूल प्रारंभ किया जाएगा, जिससे अन्नदान/ भोजन बुकिंग की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और वे अग्रिम बुकिंग का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। वर्ष 2026-27 के लिए मंदिर समिति का 29974.37 लाख का प्रस्तावित बजट पारित किया गया।

**सिंहस्थ-2028 की तैयारी:** सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए 80 नई स्टील दानपेटियों (50 बड़ी, 30 छोटी) के निर्माण का प्रस्ताव है। इसके अलावा सुरक्षा को देखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर ने दर्शनार्थियों की सुविधा दर्शन कतार प्रबंधन के लिए 1000 नग बेरिकेड्स बनवाए जाएंगे।

उज्जैन
मंगलवार
05
मई, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र


ज्ञातिभिर्वण्टयते नैव चोरेणापि न नीयते।
दाने नैव क्षयं याति विद्यारत्नं महाधनम्।।

**अर्थः** ज्ञान का रत्न (ज्ञान) एक महान धन है, जिसे विभाजित नहीं किया जा सकता है, जिसे चोर चोरी नहीं कर सकता, और जिसे देने से कम नहीं होता है।

## खबर एक नजर...

### कंपनी के सीनियर पर गंभीर आरोप, ट्रेनिंग के बहाने की छेड़छाड़

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी में कार्यरत रही 23 वर्षीय युवती ने अपने सीनियर अधिकारी पर छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार युवती अपने कजिन के साथ थाने पहुंची और बताया कि वह एक निजी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। उसने 9 फरवरी को जॉइनिंग की थी और 26 अप्रैल तक काम किया। पीड़िता के मुताबिक कंपनी से जुड़े एक वरिष्ठ कर्मचारी ने 10 अप्रैल को उसे केबिन में बुलाया और काम के सिलसिले में मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद उसने ऑफिस के बाहर मिलने की बात कही। युवती ने आरोप लगाया कि 26 अप्रैल को आरोपी उसे कार में बैठाकर यह कहकर एक स्थान पर ले गया कि अन्य कर्मचारी भी ट्रेनिंग के लिए आ रहे हैं। इसके बाद उसे बजरंग नगर स्थित एक फ्लैट पर ले जाया गया, जहां कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने कमरे का दरवाजा बंद कर लाइट बंद कर दी और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने और शोर मचाने पर आरोपी पीछे हट गया। युवती के अनुसार आरोपी ने उसे धमकाया कि यदि उसने घटना के बारे में किसी को बताया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। बाद में उसे रॉयल बंगला क्षेत्र के पास छोड़कर चला गया।

### युवक की संदिग्ध मौत दोस्त के घर बेसुध मिला

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में एक 28 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के घर गया था, जहां से उसे बेसुध हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात के समय अमित के पिता यशवंत यादव उसे लगातार फोन कर रहे थे। इसी दौरान दोस्त प्रदीप जाट की पत्नी ने कॉल रिसीव कर बताया कि अमित ने शराब पी ली थी और उसकी तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद परिजन उसे तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बेटे की मौत पर संदेह जताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अमित शराब नहीं पीता था और न ही तंबाकू या सुपारी का सेवन करता था। उन्होंने दावा किया कि बेटे के गले पर निशान थे, जिससे मारपीट की आशंका लगती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### मलबा गिरने से युवक की मौत मिक्सर मशीन में फंसकर भट्टा संचालक की जान गई

**इंदौर।** इंदौर में दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। देवास नाका पर काम के दौरान युवक पर मलबा गिर गया, जबकि तेजाजी नगर में मिक्सर मशीन में फंसने से भट्टा संचालक की जान चली गई। इंदौर के देवास नाका क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 25 वर्षीय युवक विशाल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार विशाल, ग्राम नागदा का निवासी था और एक बिल्डिंग साइट पर काम कर रहा था। बताया गया कि वह सोलर पैनल नीचे उतारने के बाद सड़क पर खड़ा था, तभी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से किसी ने मलबा फेंक दिया। मलबे में सीमेंट के पत्थर और ईंटें शामिल थीं, जो सीधे उसके सिर पर गिरीं। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार रात उसकी मौत हो गई। विशाल अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसके परिवार में पत्नी, एक साल की बेटी और मां हैं, जबकि उसका भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है।

### इंदौर का नवकारसी विवाद राष्ट्रीय स्तर पर चर्चाओं में

# सोशल मीडिया पर 22 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर नवकारसी आयोजन में हुई एक घटना से शुरू हुआ विवाद अब स्थानीय दायरे से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है। श्वेतांबर जैन समाज के भीतर उठा यह मामला देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसे लेकर 22 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने संवाद और समन्वय के जरिए शीघ्र समाधान की मांग की है।

यह विवाद अब केवल इंदौर या मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं रहा। श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस से जुड़े सदस्यों ने इसे सोशल मीडिया, मैसेजिंग समूहों और धार्मिक मंचों के माध्यम से देशभर में प्रसारित किया है। इसके चलते यह विषय राष्ट्रीय जैन समाज के व्यापक विमर्श का हिस्सा बन गया है।




**प्रतिष्ठा का नहीं, समाधान का विषय-** पिछले कुछ दिनों में लगातार आ रही प्रतिक्रियाओं में समाजजनों ने स्पष्ट कहा है कि धार्मिक आयोजनों से जुड़े विवादों को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाने के बजाय संवाद के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। अधिकांश लोगों ने सामाजिक समरसता बनाए रखने पर जोर दिया है।

**80 से अधिक परंपराओं तक पहुंचा मामला-** विवाद की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा रहा है कि यह मुद्दा अब 80 से अधिक आचार्य-गच्छाधिपति परंपराओं और विभिन्न संप्रदायों तक पहुंच चुका है। समाज के भीतर यह सवाल उठ रहा है कि समन्वय और अहिंसा की परंपरा वाले समाज में यह विवाद इतना लंबा क्यों खिंच रहा है। साथ ही नेतृत्व, संवाद क्षमता और संगठनात्मक समन्वय पर भी सवाल उठने लगे हैं।

#### यह है पूरा मामला

- महावीर जन्म कल्याणक के दिन नवकारसी आयोजन के दौरान एक ट्रैक्टर खड़ा होने से विवाद की स्थिति बनी। बताया गया कि यह घटना वाहन चालक की गलती से हुई थी। इवेंट कंपनी के संचालक ने लिखित रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस से माफी भी मांगी थी।
- इसके बावजूद करीब 29 दिन बाद आरोपों का उल्लेख करते हुए पत्र जारी किया गया, जिसे कॉन्फ्रेंस की ओर से दुर्भावनापूर्ण और पूर्वनियोजित बताया गया है। इस पर कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन ने श्वेतांबर जैन महासंघ को 50 लाख रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है।

#### समाज की गरिमा हो रही प्रभावित

अक्षय जैन का कहना है कि इस विवाद से समाज की गरिमा आहत हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महासंघ ने समन्वय के बजाय हठधर्मिता अपनाई और बातचीत के रास्ते बंद कर दिए, जिसके चलते उन्हें कानूनी रास्ता अपनाना पड़ा।

# फायर सर्विस हाईटेकः अब आग से लड़ेगा रोबोट

### आउटसोर्स से 33 फायर चालक-हेल्पर हो रहे तैयार, एक महीने में फायर स्टेशनों पर होंगे तैनात

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर फायर सर्विस को और ज्यादा सक्षम और आधुनिक बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। शहर में गंभीर अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए अब फायर फाइटिंग रोबोट का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही फायर स्टेशनों पर स्टाफ की कमी दूर करने के लिए नए हेल्पर और चालकों की भर्ती कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नगर निगम ने उन्नत तकनीक से लैस फायर फाइटिंग रोबोट खरीदा है, जिसका उपयोग वर्तमान में किया जा रहा है। यह रोबोट उन जगहों पर भी काम कर सकेगा, जहां आग बुझाना बेहद जोखिम भरा होता है। इससे फायर फाइटर्स की सुरक्षा बढ़ेगी और रेस्क्यू ऑपरेशन ज्यादा तेज और प्रभावी हो सकेगा।



**33 नए फायर हेल्पर और चालक की नियुक्ति-** अपर आयुक्त एवं प्रमुख अधीक्षक फायर आशीष कुमार पाठक के मुताबिक, फायर स्टेशनों पर बल की कमी को देखते हुए 33 फायर हेल्पर और चालकों की नियुक्ति आउटसोर्स माध्यम से की गई है। इससे शहर की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। फायर फाइटिंग रोबोट और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ इंदौर फायर सर्विस अब हाईटेक हो रही है। यह पहल शहर में आग से जुड़ी बड़ी घटनाओं पर बेहतर और सुरक्षित नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। नव-नियुक्त कर्मचारियों को लक्ष्मीबाई नगर स्थित फायर ट्रेनिंग सेंटर में एक महीने का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अलग-अलग तरह की आग की पहचान और नियंत्रण आधुनिक फायर तकनीक और उपकरणों की जानकारी, दी जा रही है, ताकि वे आपात स्थिति में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई कर सकें।

# इंदौर में मेडिकल संचालक से 50 लाख की धोखाधड़ी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के संयोगितागंज थाना क्षेत्र में प्लॉट बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर 50 लाख रुपए हड़प लिए। शिकायत की बात होने पर उसने कुछ रुपए वापस कर दिए, लेकिन बाकी रकम देने से इंकार कर दिया।

संयोगितागंज पुलिस ने बताया कि मुराई मोहल्ला दवा बाजार निवासी गुछित रघुवंशी मेडिकल दुकान संचालित करते हैं। उनकी शिकायत पर केट रोड निवासी अंजन पिता मदन मोहन श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

फरियादी गुछित ने बताया कि जुलाई 2025 में उन्होंने अंजन से मान सरोवर कॉलोनी के प्लॉट नंबर 283 और 285 का सौदा किया था। अंजन ने इन प्लॉटों को अपना बताकर 1 करोड़ 5 लाख रुपए में सौदा तय किया। इसके बाद उसे 50 लाख रुपए दिए गए। इसमें चेक और नकद दोनों माध्यमों से भुगतान किया गया।

अगस्त 2025 में गुछित को पता चला कि अंजन ने जो दस्तावेज दिखाए थे, वे फर्जी थे। उप पंजीयक कार्यालय से प्लॉट के दस्तावेज निकलवाने पर पता चला कि प्लॉट नंबर 283 सुनील कुमार पिता कल्याण मल के नाम पर है। जबकि दूसरे प्लॉट की मालिक मंगला पति उमेश मित्तल हैं।

### झाबुआ में तैयार होगा डीएवीवी का मेडिकल कॉलेजःकुलगुरु बोले- जमीन अलॉट हुई

# इंजीनियरिंग कॉलेज में मेडिकल कॉलेज चलाने की परमिशन मिलने का इंतजार

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय झाबुआ में मेडिकल कॉलेज खोलने की तैयारी में है। इसके लिए यूनिवर्सिटी को जमीन भी अलॉट हो चुकी है। हालांकि जब तक कॉलेज की बिल्डिंग तैयार नहीं होती तब वहां के इंजीनियरिंग कॉलेज में ही मेडिकल कॉलेज चलाने के लिए यूनिवर्सिटी ने परमिशन मांगी है। इस पर जल्द जवाब आने की यूनिवर्सिटी प्रबंधन को उम्मीद है।

कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई ने बताया कि यूनिवर्सिटी की कार्यपरिषद में मेडिकल कॉलेज खोलने का फैसला लिया गया था। इसमें तय किया गया था



कि झाबुआ में मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा। इसके लिए मध्यप्रदेश शासन ने हायर एजुकेशन विभाग के माध्यम से यूनिवर्सिटी को जमीन भी आवंटित कर दी है।

झाबुआ डिस्टिक हॉस्पिटल है, उस हॉस्पिटल को, मध्यप्रदेश शासन ये निर्णय ले रहा है कि वह यूनिवर्सिटी को सौंप दिया जाएगा। जिससे हमारा जो शैक्षणिक अस्पताल है उसके रूप में वह जिला हॉस्पिटल काम कर सकेगा।

कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई ने बताया कि यह भी कोशिश की जा रही है कि वहां पर राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का इंजीनियरिंग कॉलेज है। यदि शासन उचित समझता है तो, यूनिवर्सिटी ने मांग की है कि जब तक नए परिसर में हमारा मेडिकल कॉलेज स्थापित नहीं हो जाता तब तक इंजीनियरिंग कॉलेज में मेडिकल कॉलेज चलाने की अनुमति दे दी जाए। इसके लिए नेशनल मेडिकल कांउसिल में यूनिवर्सिटी ने आवेदन भी कर दिया है।

**उम्मीद है इस महीने तक निर्णय आ सकता है-** उन्होंने बताया कि 100 सीट के लिए 300 बैड का हॉस्पिटल होना जरूरी है। वहां हमें बताया है कि वहां 250 बैड का हॉस्पिटल है। कुल मिलाकर हमें 300 बैड का हॉस्पिटल मिल जाएगा। कुलगुरु ने कहा कि अस्पताल तो हमें मिल रहा है, इसलिए उसकी लागत नहीं है, लेकिन कॉलेज बनाने के लिए कम से कम 350 से 400 करोड़ रुपए की लागत इनिशयली आएगी। उम्मीद है कि इस महीने तक इसका कुछ निर्णय हो सकता है।

## खबर एक नजर...

### बरगी डैम क्रूज हादसाः युवा कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

**उज्जैन।** बरगी डैम में हुए हृदयविदारक क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले निर्दोष पर्यटकों की स्मृति में सोमवार शाम उज्जैन जिला युवा कांग्रेस द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी का पुतला दहन कर घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में यह कैंडल मार्च शाम 7 बजे टावर चौक से प्रारंभ हुआ, जो शहीद पार्क पर जाकर संपन्न हुआ। यहां हादसे का शिकार हुए पर्यटकों को मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने हादसे के लिए सीधे तौर पर प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला फूंका। इस प्रदर्शन और श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समर स्पेशल थीम पर हुआ जैन यूनिटी फोरम का पारिवारिक समारोह

**उज्जैन।** जैन यूनिटी फोरम 'अरिहंत मुस्कान' का पारिवारिक समारोह होटल मधुबन में 51 सदस्य परिवारों के साथ गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। यह शानदार आयोजन पूरी तरह 'समर स्पेशल' थीम पर केंद्रित रहा, जिसमें 101 आकर्षक उपहार प्रदान किए गए।

ग्रुप संस्थापक मनोज सुराणा की रूपरेखा के अनुरूप, समारोह में पधारे 51 दंपतियों का आत्मीय स्वागत 'गुरुजी की ठंडाई' की बोतल उपहार स्वरूप भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए टेबल टॉप तंबोला का भी आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं ने 'जो जीता वो सिकंदर' का खिताब हासिल किया। समारोह में आयोजित 'समर स्पेशल ड्रेस थीम' प्रतियोगिता के महिला वर्ग में अंजू मनोज सुराणा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं युगल वर्ग में संतोष तारा सालेचा, पुरुष वर्ग में धर्मेंद्र जैन तथा बच्चों में बेबी सालेचा और मैत्विक सराफ ने प्रथम स्थान हासिल किया।

नाट्यशास्त्र के संस्कार सीखने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है भरतनाट्यमः डॉ. स्मृति वाघेला'

# प्रतिकल्पा संस्था की 21वीं नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ, 15 दिनों तक देश-विदेश के विख्यात गुरु देंगे प्रशिक्षण






**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शास्त्रीय एवं लोकनृत्य के संस्कार प्रदान करने वाली शहर की अग्रणी संस्था 'प्रतिकल्पा' की 21वीं नृत्य कार्यशाला का रविवार, 3 मई को विधिवत शुभारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर बड़ौदा की सयाजीराव यूनिवर्सिटी के नृत्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मृति वाघेला ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि नाट्यशास्त्र के संस्कारों को सीखने का सबसे अच्छा माध्यम भरतनाट्यम है।

कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों और नृत्य गुरुओं द्वारा माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया, उपाध्यक्ष डॉ. अनीता चौधरी और सचिव कुमार किशन मौजूद रहे। डॉ. अनीता चौधरी ने सभी आमंत्रित नृत्य गुरुओं का परिचय दिया, जबकि संस्था की निदेशक डॉ. पल्लवी किशन ने 15 दिवसीय कार्यशाला की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जम्मू से पधारे वरिष्ठ रंगकर्मी लकी गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन थे। वहीं, मुंबई के 'नृत्य शक्ति इंस्टीट्यूट' की कोरियोग्राफर एवं प्रतिकल्पा की वरिष्ठ शिष्या मेघाल गुप्ता ने डांस मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में शिरकत की। उन्होंने उपस्थित साधकों को जीवन में नृत्य के महत्व और उसकी सकारात्मकता के बारे में बताया। इस 15 दिवसीय कार्यशाला में प्रतिभागियों को विभिन्न नृत्य शैलियों की बारीकियां सिखाई जाएंगी। इसमें भरतनाट्यम का प्रशिक्षण डॉ. स्मृति वाघेला और बांग्लादेश से पधारीं अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगना अरनी भक्त द्वारा दिया जाएगा। राजस्थानी एवं मालवी लोक नृत्य का प्रशिक्षण संस्था निदेशक डॉ. पल्लवी किशन और नृत्य गुरु लोकेश सिंह तोमर देंगे, जबकि वेस्टर्न एवं बॉलीवुड डांस की बारीकियां यूफोरिया डांस इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सोनू जोसेफ सिखाएंगे। शुभारंभ अवसर पर संस्था के नन्हें कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने भरतनाट्यम शैली में शिव स्तुति, राजस्थानी लोक नृत्य, हरियाणवी लोक नृत्य और कथक की उपशास्त्रीय शैली में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

## 200 साल पुराने राधा-कृष्ण मंदिर का संगमरमर से हुआ भव्य जीर्णोद्धार

### कटिया बाखल में कटिया समाज सेवा समिति का पांच दिवसीय आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर के कटिया बाखल स्थित 200 वर्ष प्राचीन भगवान श्री राधा-कृष्ण मंदिर का संगमरमर से भव्य जीर्णोद्धार किया गया है। इसके साथ ही कटिया समाज सेवा समिति द्वारा मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का रविवार, 3 मई को विधिवत समापन हो गया है। विगत 29 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ शुरू हुए इस पांच दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को नारद जयंती के पावन अवसर पर मुख्य अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान स्थापित देवता हवन, यज्ञ कर्म, पूर्णाहुति और वसोधारा के साथ भगवान राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके पश्चात भगवान की महाआरती हुई और माधव सेवा न्यास (भारत माता मंदिर भोजन शाला) में आयोजित विशाल भंडारे में समाजजनों ने महाप्रसादी ग्रहण की। इस संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में कटिया समाज सेवा समिति के अध्यक्ष फतेहचंद बाघेला (पप्पू भैया), उपाध्यक्ष मांगीलाल चंवरासिया, सचिव घनश्याम नागमौतिया, सह सचिव विजय सिंह नागमौतिया और कोषाध्यक्ष बाबुलाल अट्नेरिया का विशेष मार्गदर्शन रहा। इसके साथ ही समिति सदस्य ओमप्रकाश धर्मपुरिया, नंदकिशोर मालापुरी, सुरेन्द्र सिसोदिया, उमेश अट्नेरिया, संतोष चंवरासिया, घनश्याम चंवरासिया, ओमप्रकाश बड़गोतिया, जगदीश (रवि) गुजरिया और मितेश नागमौतिया ने भी सक्रिय भूमिका निभाई।

## महाकाल में लगाएंगे क्यूआर आधारित फ्लैप बैरियर्स

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में दर्शन व्यवस्था को और सुगम व व्यवस्थित बनाने के लिए क्यू आधारित फ्लैप बैरियर्स स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह महाकाल महालोक में 11 करोड़ की लागत से फैब्रिकेशन शेड लगाएंगे। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने सोमवार को श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार, सिंहस्थ की पूर्व तैयारियों को कई नवाचार के संबंध में मंथन किया।

महालोक कंट्रोल रूम स्थित मीटिंग हॉल में कलेक्टर एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक रखी गई। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार इसमें मंदिर में सुविधाओं के विस्तार और आगामी सिंहस्थ-2028 की पूर्व तैयारियों को लेकर प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा कर उनका अनुमोदन किया गया।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महाकाल महालोक में 11 करोड़ की लागत से फैब्रिकेशन शेड स्थापित करेंगे।



आरती व्यवस्था में तकनीकी बदलावः संध्या एवं शयन आरती के महत्व के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इन आरतियों के आध्यात्मिक महत्व से अवगत हो सकें। दर्शन व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए क्यूआर आधारित फ्लैप बैरियर्स स्थापित किए जाएंगे। वेबसाइट पर अन्नक्षेत्र मॉड्यूल प्रारंभ किया जाएगा, जिससे अन्नदान/भोजन बुकिंग की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और वे अग्रिम बुकिंग का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। वर्ष 2026-27 के लिए मंदिर समिति का 29974.37 लाख का प्रस्तावित बजट पारित किया गया।

**सिंहस्थ-2028 की तैयारीः** सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए 80 नई स्टील दानपेटियों (50 बड़ी, 30 छोटी) के निर्माण का प्रस्ताव है। इसके अलावा सुरक्षा को देखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर ने दर्शनार्थियों की सुविधा दर्शन कतार प्रबंधन के लिए 1000 नग बेरिकेड्स बनवाए जाएंगे।

# गायत्री शक्ति पीठ में योग शिविर का शुभारंभः विशेषज्ञों ने बताए स्वस्थ रहने के अचूक उपाय

### हाथ की उंगलियों और ताली बजाने से दूर होंगे कई रोग, साधकों ने किया मूलाधार चक्र जागरण का विशेष ध्यान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

गायत्री शक्ति पीठ उज्जैन में सोमवार, 4 मई को योग शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन साधकों को योग, ध्यान और वैकल्पिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। कार्यक्रम के आरंभ में देव पूजन मनोहर बेलावत और वंदना जोशी द्वारा संपन्न कराया गया। इसके पश्चात अतिथियों और शिविरार्थियों का स्वागत प्रभाकर सोनेने ने किया।



**उंगलियों में छिपी है विशेष शक्ति**

कार्यक्रम में अरुण ऋषि ने रोचक जानकारी देते हुए बताया कि हमारे हाथ की उंगलियों में विशेष प्रभावशाली शक्ति होती है और प्रत्येक उंगली का एक विशिष्ट कार्य है। उन्होंने शरीर के विभिन्न अंगों की विशेष उपचार प्रक्रिया और उनसे होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला। साथ ही, नियमित रूप से ताली बजाकर अनेक रोगों को दूर करने की आसान विधि भी बताई।

### महर्षि पाणिनि विवि के प्राध्यापक ने सिखाए योग के गुर

शिविर में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के योग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रघुवीर पटेल ने साधकों को योग और ध्यान का अभ्यास कराकर लाभान्वित किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्र भरत प्रजापति द्वारा विभिन्न योगासनों का शानदार प्रदर्शन किया गया।

शशिकांत शास्त्री ने प्रतिभागियों को ध्यान का गहन अभ्यास कराया। उन्होंने विशेष रूप से मूलाधार चक्र के जागरण हेतु ध्यान कराया और बताया कि आगामी दिनों में अन्य चक्रों के जागरण का भी अभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम में कृष्ण पटेल ने आगामी दिनों में विभिन्न रोगों के निवारण हेतु आयोजित होने वाले सत्रों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विनय गुप्ता, संगीता, ललिता, अस्मिता और मिनी अग्रवाल ने भी सहभागिता कर शिविर को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन सतीश शर्मा ने किया और अंत में जिला संयोजक राम प्रसाद सरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## खबर एक नजर...

### बंगाल, असम और पुडुचेरी में एनडीए की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

**उज्जैन।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं एनडीए की शानदार जीत पर उज्जैन नगर जिला भाजपा ने जोरदार जश्न मनाया। जीत की खबर मिलते ही भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में लोक शक्ति कार्यालय पर एकत्रित हो गए।

यहां कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जीत की खुशियां मनाईं। जश्न मनाने के पश्चात कार्यकताओं ने लोक शक्ति कार्यालय से लेकर टावर चौक तक एक विजय जुलूस निकाला। इस अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए तीन राज्यों की जनता के इस जनादेश को पूरी तरह से राष्ट्रहित में लिया गया निर्णय बताया।

जीत के इस जश्न और जुलूस में मुख्य रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, निगम सभापति कलावती यादव, विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रविंद्र सोलंकी, हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सांखला, वीरेंद्र कावड़िया, महापौर मुकेश टटवाल, उज्जैन भाजपा के प्रभारी बजरंग लाल पुरोहित, पूर्व महापौर मीना जोनवाल, राजेंद्र भारती, मुकेश यादव और समाजसेवी नारायण यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिला लघुवेतन कर्मचारी संघ



**उज्जैन।** आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण और परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने की मांग को लेकर सोमवार को मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से मुलाकात की।

दलित, ओबीसी, माइनॉरिटीज एवं आदिवासी संगठनों के परिसंघ के प्रदेश महासचिव जे.के. मालवीय और मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्टर को कर्मचारियों की लंबित समस्याओं से अवगत कराया। चर्चा के दौरान कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों को सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा और कर्मचारियों को उनके हक व अधिकार आवश्यक रूप से मिलेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि कलेक्टर से मुलाकात के दौरान प्रदेश महासचिव जे.के. मालवीय और जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के साथ संगठन के जिला सचिव मुकेश रायकवार, जिला उपाध्यक्ष भैरूलाल मालवीय तथा बड़नगर तहसील अध्यक्ष हरिवंश राय फातरोड़ प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# नाबालिग ने फोन पर कहा- परिवार मेरी शादी कर रहा

### एक माह में 23 बाल विवाह रोके

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




जिले में पहली बार एक महीने में 23 बाल विवाह रुकवाए गए हैं। कुछ मामलों में तो स्वयं नाबालिग दुल्हन ने सूचना देकर शादी रुकवाने का आग्रह किया था तो कई जगह से पड़ोसी व समाजजनों ने बाल विवाह के बारे में सूचना दी थी।

महिला एवं बाल विकास विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम ने यह 23 बाल विवाह एक अप्रैल से एक मई के बीच रुकवाए हैं। हैरत यह कि कुछ स्थानों पर तो 13-14 साल की किशोरी की शादी की जा रही थी। टीमों ने सर्वाधिक महिदपुर में 6 व उससे कम तराना में 5 बाल विवाह रोकने की कार्रवाई की।

जानिए कहां कितने बाल विवाह रुकवाए गए तराना- ग्राम चितावलिया और नंदेड में 5 बाल विवाह रोके। महिदपुर- यशवंत नगर नैनावत व इसनखेड़ी में 6 बाल विवाह रोके। उज्जैन- हीरा मिल की चाल व नवाखेड़ा में 4 बाल विवाह रोके। बड़नगर- झलारिया, पात्याखेड़ी, चौसला में 3 बाल विवाह रोके। खाचरौद- भाखेड़ा, पाड़सुलिया, रतलाम में 3 बाल विवाक रोके। घट्टिया- नानाखेड़ी व खेड़ा चिलावलिया में 2 बाल विवाह रोका।

शादी की तैयारी हो चुकी थी, कुछ दिन बाद फेरे थे मैं नाबालिग हूं। परिवार वाले जबरदस्ती मेरी शादी कर रहे हैं। यह सूचना उज्जैन तहसील के एक गांव से एक किशोरी ने फोन पर दी थी। इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग व प्रशासन की टीम उसके गांव पहुंची। शादी की सभी तैयारी हो चुकी थी। कुछ दिन बाद फेरे वाले थे। टीम ने वर-वधु दोनों पक्षों को समझाइश देकर ?बाल विवाह रूकवाया। इस बात की गोपनीयता रखी कि सूचना किसने दी थी। पड़ोस में बाल विवाह हो रहा बच्चे अभी आत्मनिर्भर नहीं पड़ोस में बाल विवाह होने जा रहा है। जिन बच्चों का विवाह हो रहा है वह आत्मनिर्भर ही नहीं है। अभी उनकी पढ़ाई करने व अपने पैरों पर खड़े होने की उम्र की है। यह सूचना महिदपुर के रहवासी ने दी थी। टीम जब मौके पर पहुंची तो सूचना सही निकली। बाद में नाबालिग दुल्हा-दुल्हन ने भी माना कि अभी उनकी उम्र विवाह के योग्य नहीं हैं। टीम ने उनके परिजनों से लिखित में लेकर विवाह रूकवाया।

### उज्जैन के प्रवेश मार्गों पर बनेंगे 9 भव्य स्वागत द्वार: डॉ. रवि सोलंकी

**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ के दृष्टिगत शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर महामृत्युंजय द्वार की तर्ज पर नौ भव्य स्वागत द्वारों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही लगभग 50 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण और प्राचीन मंदिरों का जीर्णोद्धार भी प्रस्तावित है। काल भैरव मंदिर के विकास का कार्य शुरू किया जा चुका है। यह घोषणा उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने सेठी नगर स्थित ठहाका निवास पर आयोजित एक सम्मान समारोह में की। अंतर्राष्ट्रीय ठहाका परिवार द्वारा डॉ. महेन्द्र यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. सोलंकी का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच साफा, शॉल और श्रीफल भेंटकर सारस्वत अभिनंदन किया गया।

**नारी शक्ति ने उठाई आवाज: कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का काम एएनएम पर थोपने का विरोध, सीएमएचओ को बताई समस्याएं**

# न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सार्थक ऐप से अटेंडेंस और यू विन पोर्टल के मानदेय का उठाया मुद्दा

### सार्थक अटेंडेंस की बाध्यता समाप्त हो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले की एएनएम कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए लामबंद होकर आवाज उठाई है। न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला इकाई उज्जैन के नेतृत्व में जिले की समस्त एएनएम ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कार्यकर्ताओं ने मुख्य रूप से दूसरों का काम थोपे जाने और कार्य के बदले उचित मानदेय न मिलने का विरोध दर्ज कराया है।

संघ द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष प्रमुख रूप से यह समस्याएं रखी गईं:

### कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का काम एएनएम से न कराया जाए

समस्त जिले की एएनएम पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा एनसीडी का कार्य पूर्ण करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। यह कार्य पूर्णतः कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर का है और इस कार्य के लिए शासन द्वारा उन्हें निर्धारित मानदेय दिया जा रहा है। संघ की मांग है कि एनसीडी का कार्य कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर से ही कराया जाए।

काम एएनएम का और मानदेय किसी और को

एएनएम द्वारा मंगलवार और शुक्रवार को वैक्सीनेशन किया जाता है। गर्भवती महिलाओं व बच्चों का डेटा यू विन पोर्टल में एएनएम की आईडी से दर्ज भी किया जाता है लेकिन पीवीआई कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को दे दिया जाता है। मांग की गई है कि यू विन पोर्टल में जिस आईडी से बच्चे का डेटा दर्ज किया जाए, यू विन का मानदेय भी उसी आईडी को दिया जाए।

दूरदराज के उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ एएनएम को सार्थक अटेंडेंस से चेक इन एवं चेक आउट करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। संघ ने मांग की है कि दूरदराज में पदस्थ एएनएम को चेक इन और चेक आउट के लिए परेशान न किया जाए।

वैक्सीन कैरियर का हो भुगतान

यह भी मांग रखी गई है कि यदि एवीडी फोकल प्वाइंट पर नहीं है, तो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मौखिक आदेशानुसार वैक्सीन कैरियर का भुगतान एएनएम को ही किया जाए।

### महाकाल दर्शन करने आज उज्जैन आएंगे बिहार के सांसद पप्पू यादव

**उज्जैन।** बिहार के पूर्णिया से सांसद और चर्चित नेता राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मंगलवार, 5 मई को दो दिवसीय प्रवास पर उज्जैन आ रहे हैं। युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अर्पित यादव ने बताया कि सांसद पप्पू यादव मुख्य रूप से भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आ रहे हैं। इस दौरान वे शहर और आसपास के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी दर्शन-पूजन करेंगे।

कार्यक्रम के अनुसार, पप्पू यादव 5 मई की सुबह 8:25 बजे ट्रेन संख्या 12416 नई दिल्ली-उज्जैन एक्सप्रेस से उज्जैन रेलवे जंक्शन पहुंचेंगे। देवास रोड स्थित सर्किट हाउस में कुछ देर रुकने के बाद वे सुबह 10 बजे महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन और 10:30 बजे महा आरती में शामिल होंगे।

# शिव-शक्ति महायज्ञ में नासिक ढोल और झांझ-डमरू मंडलियों ने दी प्रस्तुति

### सिंहस्थ 2028 की निर्विघ्न संपन्नता के लिए हो रहा पांच दिवसीय अनुष्ठान, वहीं दूसरी ओर मगरमुहा खत्रीवाड़ा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ 2028 की निर्विघ्न संपन्नता के उद्देश्य से जयसिंहपुरा गरुघाट स्थित श्री करुणामयी नारायण धाम आश्रम में सोमवार 4 मई से पांच दिवसीय 'पंच कुंडात्मक शिव-शक्ति महायज्ञ' का शुभारंभ हुआ। दीपक लाला जी और भरत भैया के नेतृत्व में राधेश्याम परमार मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस महायज्ञ में भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भी मनाया जा रहा है, जो 8 मई तक चलेगा।

महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर नेशनल खिलाड़ी एवं कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में 'जय गजानन नारी शक्ति नासिक ढोल पार्टी' और 'चैतन्य भैरव नारी शक्ति मध्य प्रदेश' की झांझ एवं डमरू मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया।

### मगरमुहा खत्रीवाड़ा में ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू

दूसरी ओर, शहर के मगरमुहा खत्रीवाड़ा क्षेत्र में 3 मई से एक नया ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया है। शिविर का विधिवत शुभारंभ अध्यक्ष गुड्डू जी ठाकुर ने किया।

उद्घाटन अवसर पर मध्य प्रदेश लाठी-कराते के अरविंद जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अरविंद जोशी सहित उपाध्यक्ष अनिल धर्मे, सचिव दिलीप राठौर और भूपेंद्र सोनी ने शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। अतिथियों ने उपस्थित बच्चों को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इसके साथ ही संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभालने में सुहाना प्रजापत और समीक्षा मालवीय का भी विशेष योगदान रहा।

# राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में चमके खिलाड़ी, 6 रजत और 5 कांस्य पदक जीते

### इंदौर में आयोजित मध्य प्रदेश स्टेट कराते स्पर्धा में 21 खिलाड़ियों ने किया शहर का प्रतिनिधित्व, विजेताओं का हुआ सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



इंदौर के आईपीएस स्कूल में 1 से 3 मई तक आयोजित मध्य प्रदेश स्टेट कराते प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शहर का गौरव बढ़ाया है। सब-जूनियर, कैडेट और जूनियर वर्ग की इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में 18 जिलों के लगभग 450 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें उज्जैन से 10 बालिकाओं और 11 बालकों सहित कुल 21 खिलाड़ियों का दल शामिल हुआ।

प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अपने नाम किए। इनमें अद्वैत तारे, ख्याति वाघ, आरना कनोडिया, आदित्य खत्री, निमिषा शर्मा और मीनाक्षी यादव ने अपने-अपने वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, निर्भय सिंह बेस, अद्विक तारे, जेसिका बेस, प्रांजल जोशी और वंदना गोपाल झिनकवाड़ ने कांस्य पदक जीतकर शहर को गौरवान्वित किया। पदक विजेताओं के अतिरिक्त स्वस्ति जोशी, समृद्धि परमार, भूमि भोईटे, हैन्सी खत्री, दिशांग सिंधल, दक्ष यादव, हर्षित तांजना, मुफद्दल कनवाजवाला, जीत झाला और जिया अली ने भी प्रतियोगिता में शहर का प्रतिनिधित्व करते हुए सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया। विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्जैन लौटने पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजेश मेहरा, सचिव पूर्वा झाला, कुलदीप सिसोदिया, सोनू प्रजापति, ध्रेंद्र सिंह गौड़, अरबाज पटेल, नंदिनी पटेल और कमल सोनी ने उनका आत्मीय स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि की जानकारी मुकुंद झाला द्वारा दी गई।

# मंदसौर में नई ट्रैफिक व्यवस्था पर बवाल- भीषण गर्मी में सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन, पुलिस के साथ हुई तीखी नोकझोंक

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

शहर के हृदय स्थल सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर प्रशासन द्वारा किए गए ट्रैफिक बदलाव के तहत प्रशासन ने चौराहे का सर्कल तोड़कर और बैरिकेडिंग लगाकर वन-वे व्यवस्था लागू की, जिसका स्थानीय निवासियों और कांग्रेस कार्यकताओं ने पुरजोर विरोध किया। प्रातः यहां के बेरिकेट्स हटा दिये गये लेकिन कुछ ही देर बाद पुनः बेरिकेट्स लगा देने से आक्रोश इस कदर बढ़ा कि भीषण गर्मी के बावजूद जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में लोग सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व योजना या जनसंवाद के यह तुगलकी फरमान जारी किया है, जिससे आम जनता की मुसीबतें कम होने के बजाय और बढ़ गई हैं।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। धरने का नेतृत्व कर रहे जनपद सदस्य दीपक सिंह गुर्जर और सिटी कोतवाली टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर के बीच काफी देर तक गहमागहमी चलती रही।



पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने और यातायात सुचारू करने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेड हटाने और पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग पर अड़े रहे। लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने इस नई व्यवस्था को लागू करने से पहले जनता की सहूलियत का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा है।

प्रदर्शन करने वालों ने बताया कि प्रशासन के इस नए प्रयोग से सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को हो रही है। नई वन-वे व्यवस्था के कारण अब अफीम गोदाम रोड, नई आबादी और संजीत नाका की तरफ जाने वाले लोगों को सीधा रास्ता बंद मिलने की वजह से लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ रहा है।

वाहन चालकों को अब सिटी ग्राउंड या महाराणा प्रताप चौराहे से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय की बबार्दी हो रही है व ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।जब तक प्रशासन इस अव्यवहारिक वन-वे व्यवस्था को वापस नहीं लेता और बैरिकेड हटाकर पुरानी स्थिति बहाल नहीं की जाती, उनका आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

## खबर एक नजर...

### पर्यटन क्विज के विजेता विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

मंदसौर। मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित कराने के उद्देश्य से चयनित जिले के 18 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए हैं। मंदसौर जिले की क्विज प्रभारी श्रीमती कीर्ति सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीमों को प्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। भ्रमण दल में उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर, दलोदा पब्लिक स्कूल और श्री साईं पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शामिल हैं, जो महेश्वर, ओंकारेश्वर और हनुमंतिया जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का अवलोकन करेंगे। इसी प्रकार उपविजेता टीमों में शामिल उत्कृष्ट विद्यालय भानपुरा, अंकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सुमन विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं मांडू और महेश्वर के ऐतिहासिक वैभव को करीब से देखेंगे। यह पूरा शैक्षणिक दल मार्गदर्शक शिक्षक अनिल जैन के निर्देशन में यात्रा कर रहा है।

### कार की टक्कर से राहगिर की मृत्यु

मन्दसौर। जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के रिलेक्स ढाबा व ग्राम छायन के बीच एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच पर आरोपी स्कार्पियों कार क्र. एमपी 14 जेडजे 2472 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना 1 मई की शाम करीब 7 बजे की है। पुलिस ने मर्ग की जांच में पाया कि कार चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पैदल जा रहे नंदकिशोर पिता कालूराम मेघवाल निवासी टकरावद को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

### जिला चिकित्सालय में मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो- कलेक्टर

मन्दसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित बैठक में जिला चिकित्सालय की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से चिकित्सालय में आदर्श पब्लिक टॉयलेट निर्माण की अनुमति, नवीन सीसीबी भवन से मुख्य चिकित्सालय भवन तक पहुंच मार्ग पर शेड निर्माण, पोस्टमार्टम रूम परिसर में आवश्यक कार्य, माइक्रोबायोलॉजी लैब की व्यवस्थाएं तथा सोनोलॉजिस्ट की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में उपलब्धता के अनुसार प्रत्येक मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो, इसके लिए ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने 108 एंबुलेंस सेवा के सुगम एवं त्वरित संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

### भाजपा की बंगाल विजय का चटपटा जश्न

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी को बंगाल में मिली ऐतिहासिक सफलता से कार्यकताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। इसी क्रम में आज शाम दानाओली चौराहा स्थित गोविन्दम्‌ संस्थान पर मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा एक अनोखे ढंग से खुशी का इजहार किया गया । बीजेपी के बंगाल की जीत की खुशी ढोल धमके आतिशबाजी सहित मिठाई वितरण से हुआ।

### जिला स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंदसौर ने जीता खिताब

**मन्दसौर।** दलौदा स्पोर्ट्स एकेडमी और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रथम जिला स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई। अटल बिहारी खेल परिसर दलौदा में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन ने पीजी कॉलेज मंदसौर की टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जिले की चार प्रमुख टीमों ने भाग लिया था, जिसमें दलौदा स्पोर्ट्स एकेडमी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजन के दौरान लीग पद्धति से मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कोच अभिषेक सेठिया ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर समाजसेवी बलराम पाटीदार, पार्षद भारती पाटीदार और थाना प्रभारी पूर्णिमा सिंह सहित अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को 2100 रुपये व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 1100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। व्यक्तिगत श्रेणियों में रंजना कैथवास को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, खुशी ग्वाला को बेस्ट सेटर, निशा वाघेला को बेस्ट अटैकर और माही राठौड़ को बेस्ट लिब्रो का पुरस्कार दिया गया।

# पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड़ जीत का जश्न झालमुड़ी के साथ मना

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव मे मिली प्रचंड जीत का विजय उत्सव सोमवार शाम रतलाम में धूमधाम से मनाया। भाजपा कार्यालय पर पहले भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे एक दूसरे का मुँह मीठा कराया गया और उसके बाद जोरदार आतिषबाजी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जीत का निशान बनाते हुए हर्ष व्यक्त किया। लड्डू के साथ कार्यकताओं ने झालमुड़ी खाकर हर्ष व्यक्त किया। विजय उत्सव मे महापौर प्रहलाद पटेल, नगर निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा, पूर्व विधायक संगीता चारेल, रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी, जिला महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला पदाधिकारी प्रहलाद राठौर, सोनू यादव, क्रांति जोशी, अनिता कटारिया, जुबीन जैन, राजेन्द्र पाटीदार, राजेन्द्र पाटीदार होस्टल, अरुण त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, आदित्य डागा, नंदकिशोर पंवार, सोना षर्मा, मयूर पुरोहित, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, आईटी सेल प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल, जिला संयोजक निलेश राव, सोशल मीडिया संयोजक करण वशिष्ठ सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण सहित एमआईसी सदस्य, पार्षदगण आदि उपस्थित रहे।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर पिपलिया मंडी में जश्न

**पिपलिया मंडी।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर पिपलिया मंडी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता सुधीर जैन,मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांधी चौराहा पर एकत्रित हुए और जीत का जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं। कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए भारतीय जनता पार्टी की जीत को ऐतिहासिक बताया और इसे कार्यकताओं की मेहनत तथा जनता के विश्वास का परिणाम बताया।

# संघ कार्य और राष्ट्र के लिए जीवन भर समर्पित रहे स्व.जौहरी

### स्व.जौहरी के जन्मशताब्दी समारोह में वक्ताओं ने कहा

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

संघ की पहली पीढी के स्वयंसेवक स्व.कृष्णकुमार जौहरी (लल्ला जी) का पूरा जीवन संघ कार्य और राष्ट्र के लिए समर्पित था। संघ पर प्रतिबन्ध लगने के बावजूद वे संघ कार्य से पीछे नहीं हटे और परिणामस्वरुप उन्हे रेलवे की नौकरी से हाथ धोना पडा। परन्तु संघ कार्य के प्रति उनकी निष्ठा इतनी अटूट थी कि वे फिर भी जीवन भर संघ कार्य के लिए समर्पित रहे।

उक्त विचार स्व.कृष्णकुमार जोहरी के जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न



वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया लाल मौर्य, शंकरलाल माली, शिक्षाविद ओपी मिश्रा,रा.स्व.संघ के सुरेन्द्र सुरेका, विनय मोघे, वीरेन्द्र वाफगांवकर, सुनील सराफ, सुहास चितले, सुरेन्द्र तिवारी इत्यादि ने स्व.लल्ला जी से जुडे संस्मरण सुनाए और संघ कार्य के लिए उनके योगदान को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व.लल्ला जी जौहरी का पूरा जीवन प्रेरणादायक है। वे अंतिम सांस तक संघ कार्य की चिंता में लगे रहे। उनके जैसे असंख्य समर्पित और निष्ठावान स्वयंसेवकों के त्याग और तपस्या का ही परिणाम है कि आज देश में हिन्दुत्व का वातावरण बना है। प्रारम्भ में अतिथियों ने स्व जोहरी के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया।

बरबड हनुमान मन्दिर के कृष्ण मण्डपम में आयोजित कार्यक्रम में गुमानमल नाहर, प्रकाश मूणत,राजेन्द्र वाघ, निर्मल कटारिया, घनश्याम कछावा, देव प्रकाश सिसौदिया समेत बडी संख्या में स्व.जोहरी जी से जुडे लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर जौहरी परिवार की ओर से दीपक जौहरी (भोपाल) ने मंचासीन अतिथियों कन्हैयालाल मौर्य मामाजी, सुरेन्द्र तिवारी, ओपी मिश्रा और सुरेन्द्र सुरेका का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन माधव काकानी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन मुकेश जौहरी द्वारा किया गया।

# सराफा व्यापारी से 7 लाख की लूट: साइबर जांच से खुला राज, दो आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

नेपानगर क्षेत्र के डाभियाखेड़ा-साईखेड़ा रोड पर 3 अप्रैल की शाम सराफा व्यापारी रमेश ठाकुर से करीब ७ लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवर लूटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पांच अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों से 1.10 लाख रुपये मूल्य के चांदी के जेवर बरामद किए हैं।

**वारदात कैसे हुई**

नेपानगर के सराफा व्यापारी रमेश ठाकुर ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह हर शुक्रवार नावरा में सोने-चांदी की दुकान लगाते हैं। 3 अप्रैल की शाम करीब 5.30 बजे वह बाइक से जा रहे थे। डाभियाखेड़ा के आगे एक सुनसान स्थान पर पांच अज्ञात बदमाशों ने उन्हें डरा-धमकाकर सोने-चांदी का झोला, मोबाइल और बाइक की चाबी छीन ली थी। जांच में खकनार के सुरेश सिसौदिया का नाम सामने आया, जो पहले भी लूट के मामले में धारणी में गिरफ्तार हो चुका है। घटना वाले दिन वह नावरा बाजार में मौजूद था। साइबर सेल की मदद से जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि सुरेश और हर सिंह जमरे लगातार बाग टांडा, जिला धार के शातिर बदमाश रायचंद पिता फतू सिंह के संपर्क में थे। रायचंद पर पहले से लूट और डकैती के मामले दर्ज हैं।

एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि पुलिस ने लाखों कॉल डिटेल और सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों तक पहुंच बनाई। मोबाइल लोकेशन की जांच में धार के आरोपी का मूवमेंट नावरा क्षेत्र में सामने आया। स्थानीय आरोपियों ने वारदात से पहले रैकी भी की थी। घटना के बाद आरोपी एक बाइक पेट्रोल खत्म होने पर सिरपुर के पास छोड़कर फरार हो गए थे।

सुरेश पिता गुलाब सिंह सिसौदिया (४१) निवासी मोहनगढ़ खकनार और हर सिंह पिता वेर सिंह जमरे निवासी मोहनगढ़ खकनार। दोनों ने पूछताछ में वारदात कबूल कर ली है। रायचंद पिता फतू सिंह निवासी मगरदा थाना बाग जिला धार, रवि, राजू और भाईला निवासी धार। पुलिस इनकी तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों से 1.10 लाख रुपये मूल्य के चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं। इसमें आठ चूड़ियां, तीन जोड़ी पायजेब, एक कमरबंद, एक छल्ला और 12 लोंग शामिल हैं। रोपियों को पकड़ने में नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल, नावरा चौकी प्रभारी हेमेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक सुभाष मोरे, संदीप पटेल, दीपक राजपूत, आरक्षक संदीप वानखेड़े, साइबर सेल के दुर्गेश पटेल, ललित चौहान सहित अन्य की भूमिका रही।



## अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा, 12 कॉलोनियों के मामलों में नोटिस जारी

**देपालपुर।** तहसील क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा बेटमा, तहसील देपालपुर जिला इंदौर द्वारा ग्राम कालीबिल्लौद में विकसित की जा रही कुल 12 अवैध कॉलोनियों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्तियों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैधानिक अनुमति भूमि पर कॉलोनी काटकर प्लॉट विक्रय, सड़क निर्माण, ड्रेनेज लाइन डालना तथा मकान निर्माण नियम विरुद्ध है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कालीबिल्लौद स्थित विभिन्न सर्वे नंबरों की भूमि पर बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के कॉलोनियां विकसित किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। इस पर हल्का पटवारी द्वारा मौका पंचनामा, खसरा नक्शा, प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ प्रस्तुत किए गए। जांच में कई स्थानों पर कच्ची-पक्की सड़कें, ड्रेनेज लाइनें एवं मकान निर्माण कार्य पाया गया। नायब तहसीलदार कार्यालय से जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित व्यक्तियों को 7 दिवस के भीतर अथवा निर्धारित पेशी दिनांक 6 मई 2026 तक लिखित जवाब प्रस्तुत करना होगा। साथ ही कॉलोनी विकास हेतु प्राप्त वैध दस्तावेज जैसे कॉलोनी लाइसेंस, भूमि डायवर्सन आदेश, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत मानचित्र, रेरा पंजीयन, भवन अनुज्ञा सहित प्लॉट विक्रय से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सर्वसमाज का सामुहिक शादी सम्मेलन सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा



गोस अल-मददगार ग्रुप की ओर से शहर में पहली बार सर्वसमाज का इज्तेमाई (सामुहिक) शादी सम्मेलन आयोजित किया गया,। जो भव्य एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन मे किसी एक समाज के नहीं, बल्कि विभिन्न समाजों के 12 जोड़ों का विवाह/निकाह संपन्न कराया गया,।

दुल्हा दुल्हन को समारोह मे उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपनी दुआओं और शुभकामनाओं से नवाजा। विवाह समारोह में मुख्य अतिथि करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह (शेरपुर) एवं फजल हैदर नक्शबन्दी उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को अपनी दुआओं और आशीर्वाद से नवाजते हुए इस सामाजिक पहल की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन अली जमान खान द्वारा किया गया। उनके साथ ग्रुप के सदस्यों में गोरू सुलेमानी, भूरू पठान, असलम मेव, अनवर नूरी, हाफिज शाकिर साहब, सईद मंसूरी, गुलाम हुसैन, ताहिर मंसूरी, शाहरुख डेविड और अरबाज खान शामिल रहे। इसके अतिरिक्त भी समूह के अन्य सहयोगी सदस्य एवं कई समर्पित कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर शहर काजी भूरू भाईजान के साथ-साथ शहर के कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। नगर पालिका, पुलिस प्रशासन एवं वार्ड के पार्षदों का भी इस आयोजन में सराहनीय सहयोग रहा, जिसके लिए ग्रुप ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कमेटी द्वारा बताया गया कि जावरा शहर में इस प्रकार का यह पहला प्रयास है, जिसमें सभी दुल्हनों को आवश्यक घरेलू सामान (दहेज) भी प्रदान किया आयोजकों ने भविष्य में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना भी व्यक्त की है, ताकि अधिक से अधिक गरीब जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

## नेशनल लोक अदालत हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

ब्रह्मास्त्र ›› बड़वानी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई को जिला बड़वानी में श्री महेन्द्र कुमार जैन मान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी के मार्गदर्शन में विशेष न्यायाधीश / नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्री लीलाधर सोलकी द्वारा म.प्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों मैं एवं नगर पालिका के जलकर सम्पतिकर में शासन द्वारा दी गई छूट के प्रचार-प्रसार के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।विशेष न्यायाधीश श्री लीलाधर सोलंकी द्वारा जिला एवं तहसील के समस्त न्यायाधीशगण के साथ नेशनल लोक अदालत की पूर्व तैयारी हेतु वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक कर जानकारी ली व अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया जिस पर उपस्थित न्यायिक अधिकारी द्वारा सहमति जताई।साथ ही बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण के साथ बैठक रखी गई जिसमें श्री सोलंकी नोडल अधिकारी द्वारा लोक अदालत के माध्यम से ऐसे सभी मामले जिनमें बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन नहीं हुआ है ऐसे मामलो को लोक अदालत में रेफर कर निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया।

## भाजपा कार्यालय पर मनाई बंगाल असम की जीत की खुशियां



**खरगोन।** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की बढ़त के बाद जिलेभर में कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जीत का जश्न मनाया। सनावद रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर विधायक बालकृष्ण पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। ढोल-ताशों के साथ नारेबाजी की गई और आतिशबाजी कर खुशी जताई गई। विधायक पाटीदार ने कार्यकर्ताओं को मिठाई और झालमुड़ी खिलाई तथा जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम बताया। वहीं, भीकनगांव मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने भी कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाते हुए इसे भाजपा की नीतियों, मजबूत संगठन और बूथ प्रबंधन की सफलता बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नालसा व सालसा की योजनाओं से पैरालीगल वालेंटियर्स को किया जागरूक



ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विधि सक्सेना के मार्गदर्शन एवं प्रेमदीप सांकला, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में अनुपमा मुजाल्दे, जिला विधिक सहायता अधिकारी के समन्वय से पैरालीगल वालेंटियर्स के मध्य विधिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न किया गया।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें**

उक्त शिविर को संबोधित करते हुए प्रेमदीप सांकला, व्यवहार न्यायाधीश सचिव ने पैरालीगल वालेंटियर्स को नालसा एवं सालसा की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा गरीब, कमजोर, निर्धन, जेल में निरुद्ध बंदी, महिलाओं व बच्चों के संबंध में बहुत सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

इनका उद्देश्य जरूरतमंद गरीब पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सुनिश्चित करना है। समय-समय पर नालसा व सालसा की योजनाओं की जानकारी के लिए विधिक जागरूकता शिविर, अभियान आदि संचालित किए जा रहे हैं जिससे आमजनों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

**आईडी कार्ड वितरण**

उक्त कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर्स को आईडी कार्ड वितरित कर योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रेरित किया गया। अनुपमा मुजाल्दे, जिला

## बंगाल सहित अन्य राज्यों में भाजपा की जीत पर मंदसौर में मना जश्न

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में मिली सफलता का जश्न जिला मुख्यालय मंदसौर सहित जिले के सभी संगठनात्मक मंडलों में उत्साहपूर्वक मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह दिखाया। जिला भाजपा कार्यालय के बाहर आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिश बाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। विशेष रूप से बंगाल की जीत के उपलक्ष्य में कार्यकताओं ने झालमुड़ी बनाकर आम जनता को वितरित की।

विजय उत्सव के दौरान कार्यकताओं ने जिला कार्यालय से एक पैदल रैली निकाली, जो भाजपा के झंडों के साथ बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर पहुंची। यहाँ सभी ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया और पुनः आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि पर कमल खिलना विचारधारा की जीत है और यह प्रचंड जनादेश तुष्टिकरण की राजनीति के अंत तथा विकास की राजनीति की शुरूआत का प्रमाण है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी विनय दुबेला, जितेंद्र सिंह चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला गुप्ता, न.पा. अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्रसिंह चुण्डावत आदि उपस्थित थे।

## गेहूं केंद्रों पर 10 बजे से शुरू हुई खरीदी, किसानों को न हो असुविधा -कलेक्टर

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग ने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी गेहूं खरीदी केंद्रों पर सुबह 10 बजे से अनिवार्य रूप से उपार्जन कार्य प्रारंभ किया जाए ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। सुशासन भवन में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि किसानों की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्लॉट बुकिंग, परिवहन, हम्माल और बारदान की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं और किसानों के भुगतान में किसी भी स्तर पर देरी न हो। बैठक में उर्वरक वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से करने और उसकी दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रहने को कहा गया है, जिसके तहत जिले के 10 क्लस्टरों में 1250 किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने नगरीय निकायों को फायर ब्रिगेड उपकरणों को सदैव चालू स्थिति में रखने और संबल योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## किंग की शूटिंग में दीपिका ने पहनी 23,000 की ड्रेस

**केपटाउन में शाहरुख का हाथ पकड़े नजर आईं, दूसरी प्रेग्नेंसी में कर रहीं शूटिंग**

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रहीं हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर दीपिका और शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें वायरल हुई हैं। ये तस्वीरें साउथ अफ्रीका के केपटाउन की हैं।

शूटिंग के दौरान दीपिका के लुक की काफी चर्चा हो रही है। फैंस ने दीपिका की ड्रेस को सर्च करना शुरू किया तो पता चला उन्होंने 23,537 रुपए (248 डॉलर) की ड्रेस पहनी हुई थी।

ड्रेस की असली कीमत करीब 47 हजार रुपए थी, लेकिन फिलहाल यह 50% डिस्काउंट पर मिल रही थी। हालांकि,अब यह ड्रेस वेबसाइट पर आउट ऑफ स्टॉक हो चुकी है।

प्रेग्नेंसी में भी शूट कर रहीं दीपिका


ये तस्वीरें ऐसे समय में सामने आई हैं जब दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी फैंस के साथ शेयर की है। दीपिका ने 19 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर एक फोटो पोस्ट की थी, जिसमें उनकी बेटी दुआ उनकी गोद में बैठी है और हाथ में प्रेग्नेंसी टेस्ट किट पकड़े हुए है। 6वीं बार साथ दिखेंगे शाहरुख-दीपिका शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की यह साथ में छठी फिल्म होगी। इससे पहले यह जोड़ी 'ओम शांति ओम', 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'हैप्पी न्यू ईयर' और 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आ चुकी है। फिल्म 'किंग' में शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी लीड रोल में नजर आएंगी।

# बड़े प्रोजेक्ट्सः तुम्बाड 2 में हुई आलिया की सरप्राइज एंट्री

**आखिरी फेज में है स्पाई ड्रामा**

आलिया भट्ट इस समय अपने करियर के बेहद व्यस्त और दिलचस्प दौर से गुजर रही हैं। एक के बाद एक बड़े प्रोजेक्ट्स के बीच अब उनके नाम एक और सरप्राइज जुड़ गया है। खबर है कि वह कल्ट क्लासिक फिल्म तुम्बाड के सीक्वल तुम्बाड 2 में खास भूमिका निभाने जा रही हैं।

हालांकि यह रोल कैमियो बताया जा रहा है, लेकिन इसकी अहमियत कहानी में काफी बड़ी मानी जा रही है, क्योंकि उनका किरदार फिल्म के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर नजर आएगा। आलिया ने मुंबई के मड आइलैंड में दो दिनों की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म से जुड़े लोगों का कहना है कि मेकर्स को एक ऐसे चेहरे की जरूरत थी, जो कम स्क्रीन टाइम में भी कहानी में गहराई और रहस्य जोड़ सके। आलिया इस भूमिका के लिए एकदम फिट मानी गईं, क्योंकि उनकी स्क्रीन प्रेजेंस मजबूत है और वह छोटे रोल में भी बड़ा प्रभाव छोड़ने की क्षमता रखती हैं। यही वजह है कि उनका यह कैमियो तुम्बाड 2 के नैरेटिव में खास महत्व रखेगा।






### लव एंड वॉर में आलिया भी सैनिक के रोल में हैं

लव एंड वॉर में आलिया के साथ रणबीर कपूर और विकी कौशल हैं। सूत्रों के अनुसार, आलिया इस फिल्म में एक जांबाज सैनिक के रूप में नजर आएंगी। उनके करियर में यह पहली बार होगा जब वह युद्ध की पृष्ठभूमि वाली फिल्म में इस तरह का सशक्त किरदार निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग फिलहाल मुंबई में चल रही है, जहां भारतीय सेना के विभिन्न विभागों, मेस और कल्चरल एक्टिविटीज को बड़े पैमाने पर फिल्माया गया है। भंसाली इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद संजीदा हैं। उन्होंने एक्टर्स से लंबी डेट्स ली हैं।

### महू स्थिति आर्मी बेस कैंप में भी होगी लव एंड... के कई हिस्सों की शूटिंग

बताया जा रहा है कि लव एंड वॉर की लंबाई भी लगभग सवा तीन घंटे होने की संभावना है। पहले इस फिल्म के लिए इटली में 45 दिनों का एक भव्य शूटिंग शेड्यूल तय किया गया था, लेकिन बाद में लॉजिस्टिक चुनौतियों के चलते इसे रद्द करना पड़ा। भंसाली ने इसका तोड़ निकालते हुए मुंबई के गोरेगांव स्थित रॉयल पाम्स के पास ही एक विशाल सेट तैयार करवाया है। फिल्म के वॉर वाले बैकड्रॉप के लिए मध्य प्रदेश के महू स्थित ब्रिटिश काल के आर्मी बेस कैंप का भी चयन किया गया है।

### अल्फा में है स्पाई अवतार, एक्शन में दिखेगा एक नया अंदाज

इसके अलावा आलिया की अल्फा भी चर्चा में है, जिसमें वह एक स्पाई के रोल में दिखेंगी। इसके लिए उन्होंने खास ट्रेनिंग ली है और कई एक्शन सीक्वेंस भी शूट किए हैं। फिल्म की शूटिंग अब अंतिम दौर में है और आलिया अपना मुख्य हिस्सा शूट कर चुकी हैं। अल्फा के अनुभव ने आलिया को लव एंड वॉर में काफी मदद की है।



## घायल फैन का प्रीति जिंटा ने पूछा हालचाल

**अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद किया वीडियो कॉल, प्रियांश आर्य के शॉट से लगी थी चोट**

प्रियांश आर्य के छक्के से घायल हुए बुजुर्ग फैन कृष्णचंद को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद प्रीति जिंटा ने वीडियो कॉल पर उनसे बात की और उनका हालचाल पूछा।

इस बातचीत का वीडियो पंजाब किंग्स के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर किया गया। साथ ही लिखा, फैंस हमेशा पहले आते हैं। कृष्ण चंद जी के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। उन्हें बेहतर होते देखकर खुशी हुई।

**कृष्णचंद के चेहरे पर गेंद लग गई थी–** यह घटना मंगलवार को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच के दौरान हुई थी। मैच में प्रियांश आर्य के बल्ले से निकला एक ऊंचा शॉट सीधे स्टैंड्स में जाकर गिरा, जहां मौजूद बुजुर्ग फैन कृष्णचंद के चेहरे पर गेंद लग गई। जिससे उनको चोट लगी थी। आसपास बैठे दर्शकों ने तुरंत मदद की और उन्हें पास के अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के बाद अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। घटना के बाद प्रीति जिंटा और प्लेयर प्रियांश आर्य ने वीडियो कॉल के जरिए कृष्णचंद से बातचीत की। इस दौरान प्रियांश ने कहा कि उन्हें टेंशन हो गई थी कि कृष्णचंद जी को ज्यादा चोट तो नहीं लगी। इस पर प्रीति ने कहा कि उन्होंने भी यही चिंता थी।

**धर्मशाला में मैच देखने के लिए बुलाया–** वीडियो कॉल के दौरान कृष्णचंद को प्रीति ने उन्हें धर्मशाला में होने वाले अगले मैच के लिए इनवाइट किया। साथ ही हल्के अंदाज में एक्ट्रेस ने कहा कि अगली बार आपको हेलमेट पहना देंगे, ताकि कोई बॉल आए तो आप सुरक्षित रहें। प्रीति ने अंत में कहा कि आपसे बात करके बहुत अच्छा लगा, आप सेफ रहें और हम आपका धर्मशाला में इंतजार करेंगे। इस आईपीएल में पंजाब किंग्स अपने होम ग्राउंड धर्मशाला में तीन मुकाबले खेलेगी, जो 11 मई, 14 मई और 17 मई को होंगे।

## तारा सुतारिया और आदित्य रॉय कपूर की

# डेटिंग की खबरों से मचा बवाल







बॉलीवुड गलियारों में इन दिनों अभिनेत्री तारा सुतारिया और अभिनेता आदित्य रॉय कपूर को लेकर नई डेटिंग अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है, जिसके बाद सोशल मीडिया पर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, तारा सुतारिया इन दिनों आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं, हालांकि इस रिश्ते को लेकर दोनों में से किसी ने भी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इसके बावजूद यह खबर सामने आते ही इंटरनेट यूजर्स के बीच बहस छिड़ गई है और लोग अपने-अपने अंदाज में प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि तारा सुतारिया हाल ही में वीर पहारिया के साथ रिश्ते में थीं, लेकिन कुछ समय पहले ही उनके ब्रेकअप की खबरें सामने आई थीं। इसी बीच अब आदित्य रॉय कपूर के साथ उनके नाम जुड़ने से फैंस हैरान नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कई यूजर्स ने इस खबर पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि सेलेब्रिटीज बहुत जल्दी अपने रिश्तों से आगे बढ़ जाते हैं। एक यूजर ने टिप्पणी करते हुए लिखा कि लोग कितनी जल्दी मूव ऑन कर जाते हैं, जबकि कुछ अन्य यूजर्स ने इस खबर पर संदेह जताते हुए इसे केवल अफवाह या किसी आगामी फिल्म का प्रमोशनल हिस्सा बताया।

दरअसल, यह अफवाह ऐसे समय पर सामने आई है जब आदित्य रॉय कपूर का नाम पहले अनन्या पांडे के साथ जोड़ा जा चुका है। दोनों को कई बार एक साथ देखा गया था और उनके रिश्ते को लेकर भी काफी चर्चा रही थी। वहीं तारा सुतारिया का रिलेशनशिप इतिहास भी काफी सुर्खियों में रहा है। वह लंबे समय तक आदर जैन के साथ रिश्ते में थीं, जो उनके सबसे चर्चित और लंबे संबंधों में से एक माना जाता है। इसके अलावा उनका नाम रोहन मेहरा, कार्तिक आर्यन और अरुणोदय सिंह के साथ भी जोड़ा गया, हालांकि इनमें से अधिकांश खबरों की पुष्टि कभी नहीं हुई।

इंटरनेट पर चल रही चर्चाओं के बीच कुछ यूजर्स यह भी मान रहे हैं कि तारा और आदित्य किसी फिल्म प्रोजेक्ट में साथ नजर आ सकते हैं और इसी वजह से उनके रिश्ते की अफवाहें फैल रही हैं। बॉलीवुड में अक्सर ऐसा देखा गया है कि किसी फिल्म की घोषणा से पहले कलाकारों के बीच नजदीकियों की खबरें सामने आने लगती हैं, जिससे दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ती है। हालांकि इस मामले में अभी तक किसी आधिकारिक प्रोजेक्ट की पुष्टि नहीं हुई है।

## लखनऊ को 6 विकेट से हराया, रोहित-रिकेल्टन की फिफ्टी

# मुंबई का आईपीएल में सबसे बड़ा रनचेज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 के 47वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। वानखेड़े में खेले गए इस मुकाबले मुंबई ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रनचेज किया, जबकि लखनऊ ने पावरप्ले में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

पांच मैचों बाद वापसी कर रहे रोहित शर्मा की विस्फोटक पारी देखने को मिली। इस मैच में उन्होंने 7 छक्कों की मदद से 84 रन बनाए। उन्होंने एम सिद्धार्थ की बॉल पर सिक्स लगाकर फिफ्टी पूरी की। वहीं लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत को शून्य के स्कोर पर जीवनदान मिला। विकेटकीपर रायन रिकेल्टन से उनका कैच ड्रॉप हुआ।

**मुंबई ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रन चेज किया-** लखनऊ के खिलाफ मुंबई ने 229 रन का टारगेट 18.4 ओवर में हासिल कर लिया। यह आईपीएल में मुंबई का सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले इसी सीजन में टीम ने कोलकाता के खिलाफ 221 रन का टारगेट हासिल किया था।

**लखनऊ ने बेस्ट पावरप्ले स्कोर बनाया-** लखनऊ ने मुंबई के खिलाफ पावरप्ले में एक विकेट खोकर 90 रन बनाए। यह आईपीएल में उनका बेस्ट पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले 2023 में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए थे।





**पूरन ने 5वीं बार 20 से कम बॉल पर फिफ्टी लगाई-** निकोलस पूरन ने वानखेड़े स्टेडियम में 16 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। यह आईपीएल में 5वीं बार है, जब उन्होंने 20 से कम बॉल पर फिफ्टी लगाई है। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा टॉप पर हैं, जिन्होंने 6 बार यह कारनामा किया है।

**रोहित-रिकेल्टन की मुंबई के लिए तीसरी सेंचुरी पार्टनरशिप-** लखनऊ के खिलाफ रोहित शर्मा और रायन रिकेल्टन पहले विकेट के लिए 143 रन जोड़े। यह आईपीएल में दोनों के बीच तीसरी शतकीय साझेदारी है, जो इस मामले में सबसे सफल जोड़ी है। यह मुंबई की किसी भी विकेट के लिए पांचवी सबसे बड़ी साझेदारी भी है।

**हार्दिक की जगह सूर्या टॉस के लिए आए-** लखनऊ के खिलाफ मुंबई की टीम में बड़ा बदलाव दिखा। कप्तान हार्दिक पंड्या ये मैच नहीं खेले, उनकी जगह सूर्यकुमार यादव टॉस के लिए आए। टीम में दो बदलाव भी हुए। कॉर्बिन बॉश और रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई। ट्रेंट बोल्ट को प्लेइंग-11 से बाहर रखा गया।

**ऋषभ पंत शून्य पर आउट होने से बचे-** लखनऊ की पारी 9वें ओवर में ऋषभ पंत आउट होने से बाल-बाल बच गए। कॉर्बिन बॉश ने ओवर की तीसरी गेंद बैक-ऑफ-लेंथ डाली। पंत ने शॉट खेला, गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकेटकीपर रिकेल्टन के पास गई। क्लीन कैच को लेकर संदेह था, इसलिए अंपायर रिव्यू लिया गया। रिप्ले में साफ दिखा की बल्ले का किनारा लगा, लेकिन रिकेल्टन के दस्तानों में जाने से पहले गेंद जमीन पर गिर गई थी।

**अक्षत रघुवंशी ने छक्के से आईपीएल में खाता खोला-** लखनऊ के बल्लेबाज अक्षत रघुवंशी ने अपने आइपीएल करियर की धमाकेदार शुरूआत की। उन्होंने डेब्यू मैच में अपनी पहली ही गेंद र छक्का लगा दिया। पारी के 11वें ओवर में विल जैक्स की पांचवी गेंद पर उन्होंने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से 89 मीटर का सिक्स लगाया।

**रघु शर्मा ने जेब से निकाला नोट; लिखा था- 'राधे-राधे, दर्द भरे 15 साल आज खत्म हुए'-** मुंबई के गेंदबाज रघु शर्मा के लिए लखनऊ के खिलाफ आईपीएल का अपना पहला विकेट लिया। 13वें ओवर की पहली गेंद पर उन्होंने फ्लाइट कराया। बल्लेबाज अक्षत रघुवंशी क्रीज ने बाहर निकलकर डिफेंशिव शॉट खेला, लेकिन गेंद बैट और पैड से लगकर सीधे रघु के हाथों में चली गई। इसके बाद उन्होंने अपनी जेब से एक कागज का टुकड़ा निकालकर सबको दिखाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पास आकर उस नोट को पढ़ने की कोशिश करते दिखे। उस नोट पर लिखा था- राधे-राधे। गुरूदेव की दिव्य कृपा से आज 15 साल का दर्द भरा सफर खत्म हुआ। इस अवसर के लिए मुंबई इंडियंस (ब्लू एंड गोल्ड) का शुक्रिया। हमेशा आभारी रहूंगा। जय श्री राम।

**बुमराह ने विकेट लिया, लेकिन गेंद नो-बॉल निकली-** लखनऊ की पारी का 14वां ओवर काफी इवेंटफुल रहा। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की तीसरी गेंद पर गुड लेंथ डाली। हिम्मत सिंह ने शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर सीधे विकेटकीपर के दस्तानों में चली गई। मुंबई विकेट का जश्न मना रही थी कि नो बॉल का सायरन बजा। रिप्ले में दिखा कि बुमराह का पैर क्रीज से बाहर निकल गया था।

**रोहित ने लगातार 4 बार गेंद को बाउंड्री के बाहर भेजा-** मुंबई के पावरप्ले का आखिरी ओवर लखनऊ के लिए काफी महंगा साबित हुआ। इस ओवर में रोहित शर्मा ने गेंदबाज आवेश खान की गेंद पर लगातार 2 चौके और फिर 2 छक्के जड़े। ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर रोहित ने चौका लगाया।

### आईपीएल में आज दिल्ली और चेन्नई मैच

## कैपिटल्स पिछला हिसाब बराबर करने उतरेगी, गायकवाड की फॉर्म लौटी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

आईपीएल में 5 मई को दिल्ली कैपिटल्स का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। पिछले मैच में चेन्नई ने दिल्ली को 23 रन से हराया था। ऐसे में दिल्ली के पास अपने घर में हिसाब बराबर करने का मौका होगा।

दोनों टीमों के लिए यह मैच प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए अहम है। दिल्ली पॉइंट्स टेबल में 7वें स्थान पर है। जबकि चेन्नई नौ मैचों में चार जीत के साथ छठे स्थान पर है। दोनों टीमों के बीच आईपीएल में 32 मैच खेले गए हैं। चेन्नई का पलड़ा भारी रहा है। उसने 20 मैच जीते हैं, जबकि दिल्ली ने 12 मैच जीते हैं।

**केएल राहुल दिल्ली के टॉप रन स्कोरर-** केएल राहुल इस मैच में 7 रन बनाने के साथ ही ऑरेंज कैप में टॉप पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने 9 मैचों में 433 रन बनाए हैं। वहीं अब तक एक सेंचुरी और 3 हाफ सेंचुरी जड़ चुके हैं। वहीं, अक्षर पटेल टॉप विकेट टेकर हैं। वे 9 मैचों में 9 विकेट लिए हैं।

**सैमसन सीजन में दो शतक लगा चुके-** चेन्नई की बड़ी ताकत कप्तान ऋतुराज गायकवाड की वापसी है। उन्होंने पिछले मैचों में लगातार दो हाफ सेंचुरी लगाई हैं। टीम ने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस को हराया था, जिससे खिलाड़ियों का कॉन्फिडेंस बढ़ा है। संजू सैमसन टीम के टॉप रन स्कोरर हैं। उन्होंने 9 मैचों में 315 रन बनाए हैं। अंशुल कंबोज टॉप विकेट टेकर हैं। उन्होंने 9 मैचों में 17 विकेट लिए हैं। दिल्ली के खिलाफ विकेट लेते ही वह पर्पल कैप हासिल कर टॉप पर पहुंच जाएंगे।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









लोन प्री-पेमेंट पर क्या हैं

# जानें कब बैंक नहीं वसूल सकते आपसे जुर्माना



ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

अक्सर लोग अपना लोन जल्दी खत्म करना चाहते हैं, ताकि ब्याज का बोझ कम हो सके। लेकिन बैंक 'प्रीपेमेंट पेनाल्टी' का डर दिखाकर ग्राहकों को रोकते हैं। आरबीआई के नियम यहां आपकी मदद करते हैं।

प्री-पेमेंट चार्ज, जिसे फोरक्लोजर चार्ज भी कहते हैं, वह शुल्क है, जो बैंकों या एनबीएफसी की ओर से तब लगाया जाता है, जब कोई कर्जदार ऋण की तय अवधि समाप्त होने से पहले आंशिक या पूर्ण रूप से ऋण का भुगतान कर देता है। अगर कोई कर्जदार कर्ज को जल्दी चुका देता है, तो बैंकों को भविष्य में होने वाली ब्याज आय का नुकसान होता है। इसकी भरपाई के लिए बैंक प्री-पेमेंट शुल्क लेते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के 5 जून 2012 को जारी एक सर्कुलर के अनुसार, बैंकों और एनबीएफसी को व्यक्तिगत कर्जदारों को दी गई फ्लोटिंग ब्याज दर वाले होम लोन पर फोरक्लोजर शुल्क या प्री-पेमेंट पेनाल्टी वसूलने की अनुमति नहीं है। अगर आपका लोन फ्लोटिंग इंटरेस्ट रेट पर है, तो आप उसे कभी भी समय से पहले चुका सकते हैं। यह नियम उन सभी फ्लोटिंग रेट लोन्स पर लागू होता है जो व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए लिए गए हैं।

1 जनवरी, 2026 से लागू नए नियम कहते हैं, व्यक्तियों और एमएसएमई को दिए गए फ्लोटिंग रेट व्यावसायिक ऋणों पर बैंक प्री-पेमेंट शुल्क नहीं वसूल सकते। स्मॉल फाइनेंस बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और एनबीएफसी-एमएल 50 लाख रुपये तक के ऋण पर प्री-पेमेंट शुल्क नहीं लगा सकते।

# कमर्शियल के बाद अब घरेलू रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के बढ़ सकते हैं दाम, जानें क्या है वजह




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

कमर्शियल सिलिंडर महंगा होने के बावजूद घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर रखी गई हैं। लेकिन तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। सरकार के सामने चुनौती है कि वह कंपनियों को घाटे से बचाए या जनता पर महंगाई का बोझ डाले।

कमर्शियल सिलिंडर 993 रुपये महंगा हो गया।?लेकिन, रसोई गैस सिलिंडर और पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े।?पहली नजर में यह राहत लगती है, लेकिन असली कहानी रोके हुए दबाव की है। बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की लागत बढ़ चुकी है और तेल कंपनियों पर नुकसान का बोझ बढ़ रहा है।?ऐसे में सरकार के सामने बड़ी चुनौती है कि आम उपभोक्ता को कब तक बचाया जा सकता है?

दिक्कत यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार और घरेलू कीमतों के बीच का अंतर अब बड़ा हो गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के मुताबिक, अगर कच्चा तेल 120-125 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहता है, तो पेट्रोल पर तेल कंपनियों का मार्केटिंग मार्जिन करीब 14 रुपये और डीजल पर 18 रुपये प्रति लीटर निगेटिव है। घरेलू एलपीजी पर भी दबाव तेज है। एजेंसी का अनुमान है कि मौजूदा अंडर-रिकवरी बनी रही, तो वित्त वर्ष 2026-27 में घरेलू एलपीजी पर तेल कंपनियों की अंडर-रिकवरी 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है।

यही आंकड़ा सरकार की मुश्किल बताता है। 2026-27 के बजट में एलपीजी सब्सिडी के लिए 11,085 करोड़ का प्रावधान है। इसमें गरीब परिवारों के एलपीजी कनेक्शन के लिए 9,200 करोड़ और पहल के तहत डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के लिए 1,500 करोड़ रुपये शामिल हैं। अगर एलपीजी अंडर-रिकवरी 80,000 करोड़ के आसपास जाती है, तो यह मौजूदा बजट प्रावधान से कई गुना बड़ा बोझ होगा।

### सरकार के पास तीन रास्ते

पेट्रोल-डीजल में भी कहानी ऐसी ही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, निकट भविष्य में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। खुदरा कीमतें अप्रैल, 2022 से लगभग स्थिर हैं। इस बीच, कच्चा तेल इस सप्ताह 126 डॉलर प्रति बैरल तक गया और नरमी के बाद भी 110 डॉलर से ऊपर रहा। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये लीटर और डीजल 87.67 रुपये लीटर पर है। सरकार के पास अब तीन रास्ते हैं-

- **पहला** : तेल कंपनियों को नुकसान उठाने दिया जाए।
- **दूसरा** : बजट से फिर क्षतिपूर्ति दी जाए।
- **तीसरा** : कीमतें धीरे-धीरे बढ़ाई जाएं।

पहले रास्ते से तेल विपणन कंपनियों की बैलेंसशीट कमजोर होगी। दूसरे से राजकोषीय बोझ बढ़ेगा और तीसरे से आम आदमी पर महंगाई का असर पड़ेगा।

**सरकार ने पहले भी की है भरपाई:** यह पहली बार नहीं है, जब ग्राहकों को बचाने की कीमत तेल कंपनियों ने चुकाई है। अगस्त, 2025 में कैबिनेट ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को घरेलू एलपीजी पर नुकसान की भरपाई के लिए 30,000 करोड़ की क्षतिपूर्ति मंजूर की थी।

**दबाव सिर्फ कंपनियों तक सीमित नहीं:** दबाव सिर्फ तेल कंपनियों तक सीमित नहीं है। इक्रा ने 2026-27 में उर्वरक सब्सिडी 2.05 से 2.25 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान लगाया है, जबकि बजट में 1.71 लाख करोड़ का प्रावधान है। यानी महंगी ऊर्जा का असर सरकारी खर्च, कंपनी मार्जिन और जनता की जेब...तीनों पर पड़ रहा है।

दिल्ली हाईकोर्ट ने

# स्पाइसजेट पर लगाया 50 हजार का जुर्माना



ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई


दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को विमानन कंपनी स्पाइसजेट और उसके प्रमोटर अजय सिंह को बड़ा झटका देते हुए 144 करोड़ रुपये जमा करने के अपने पूर्व आदेश की समीक्षा याचिका खारिज कर दी। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कंपनी और सिंह पर 50,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा कि 50,000 रुपये की लागत के साथ याचिका खारिज की जाती है।

इससे पहले 19 जनवरी को हाईकोर्ट ने स्पाइसजेट और अजय सिंह को 194 करोड़ रुपये की स्वीकृत देनदारी के खिलाफ 144 करोड़ रुपये अदालत की रजिस्ट्री में छह हफ्तों के भीतर जमा करने का निर्देश दिया था। बाद में 18 मार्च को इस समयसीमा को चार हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया था। स्पाइसजेट और अजय सिंह ने इस आदेश पर पुनर्विचार की मांग करते हुए दलील दी थी कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण कंपनी वित्तीय संकट से गुजर रही है। कंपनी ने गुरुग्राम की एक व्यावसायिक संपत्ति को सुरक्षा के रूप में देने का प्रस्ताव भी रखा और यह भी कहा कि केंद्र सरकार से कुछ सहायता मिलने की संभावना है।

**2026 की पहली तिमाही में रियल एस्टेट निवेश 37% बढ़कर 1.7 अरब डॉलर पहुंचा-** भारतीय रियल एस्टेट मार्केट में निवेश में 2026 की पहली तिमाही में जोरदार वृद्धि देखने को मिली है और यह 2026 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 1.7 अरब डॉलर हो गया है। यह जानकारी सोमवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। जेएलएल की रिपोर्ट में कहा गया कि जनवरी से मार्च अवधि के दौरान बड़ी संपत्तियों के अधिग्रहण की तरफ एक संरचनात्मक बदलाव देखने को मिला है और इनकी वैल्यू 178 प्रतिशत बढ़कर 1.03 अरब डॉलर हो गई है।

# शेयर बाजार: शीर्ष 10 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.20 लाख करोड़ का इजाफा

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



पिछला हफ्ता छुट्टियों के कारण छोटा रहा और इस दौरान देश की 10 सबसे कीमती कंपनियों में से चार कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ा, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। सेंसेक्स भी 249.29 अंक यानी 0.32 प्रतिशत बढ़ा, हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा। पढ़िए रिपोर्ट-

पिछले हफ्ते देश की शीर्ष-10 सबसे कीमती कंपनियों में से चार कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। यह सप्ताह छुट्टियों की वजह से छोटा था। पिछले हफ्ते बीएसई का सेंसेक्स 249.29 अंक यानी 0.32 फीसदी बढ़कर ऊपर गया।

रिलायंस ब्रोकिंग के अनुसंधान प्रमुख अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में हल्की बढ़त रही। लेकिन माहौल उतार-चढ़ाव वाला और सीमित दायरे में रहा, क्योंकि वैश्विक और घरेलू संकेत एक जैसे नहीं थे। उन्होंने बताया कि हफ्ते की शुरूआत अच्छी रही। वैश्विक तनाव कम होने और चौथी तिमाही के नतीजों में सुधार से बाजार को शुरूआत में सहारा मिला। लेकिन बाद में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने, एशियाई बाजारों से कमजोर संकेत मिलने और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली की वजह से बाजार की बढ़त सीमित हो गई।

इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टीसीएस और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त रही। वहीं, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी की बाजार कीमत में कुल 1.24 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई।

**किन चार कंपनियों का बाजार मूल्य बढ़ा-** रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्य 1,39,655.8 करोड़ रुपये बढ़कर 19,36,303.30 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, भारती एयरटेल का बाजार मूल्य 43,503.51 करोड़ रुपये बढ़कर 11,49,222.13 करोड़ रुपये पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्य 27,569.83 करोड़ रुपये बढ़कर 8,94,933.95 करोड़ रुपये हो गया और बजाज फाइनेंस की बाजार कीमत 9,432.32 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,123.13 करोड़ रुपये हो गई।

**इन कंपनियों को हुआ नुकसान-** वहीं, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्य 45,364.62 करोड़ रुपये घटकर 9,04,980.78 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई का बाजार मूल्य 30,922.57 करोड़ रुपये घटकर 9,85,829.96 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्य 20,951.31 करोड़ रुपये घटकर 11,87,274.17 करोड़ रुपये रह गया और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्य 18,420.79 करोड़ रुपये घटकर 5,28,799.01 करोड़ रुपये हो गया।

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट

# विकास के नाम पर विनाश या देश के लिए गेमचेंजर?

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

81,000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से शुरू हो रहे ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को लेकर राहुल गांधी ने 'विकास के नाम पर विनाश' का आरोप क्यों लगाया है? आसान भाषा में समझें इस मेगा-प्रोजेक्ट के सामरिक फायदे, पर्यावरण का नुकसान और आदिवासी समुदायों पर पड़ने वाला असर।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह का सुदूर दक्षिणी छोर इन दिनों देश की राजनीति और भू-रणनीतिक चचाओं का केंद्र बना हुआ है। हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कैंपबेल बे का दौरा करने के बाद केंद्र सरकार के 'ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट' को 'विकास के नाम पर विनाश' और 'देश की प्राकृतिक तथा आदिवासी विरासत के खिलाफ सबसे बड़ा घोटाला' करार दिया है। एक तरफ विपक्ष और पर्यावरणविद् इसे प्रकृति और आदिवासियों के लिए मौत का फरमान मान रहे हैं, तो दूसरी तरफ सरकार इसे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में एक 'अपरिहार्य सामरिक जरूरत' बता रही है।

आखिर 81,000 करोड़ रुपये का यह मेगा-प्रोजेक्ट है क्या? क्यों इसे लेकर इतना भारी विवाद है? आइए, एक आसान सवाल-जवाब में इस पूरे विषय को डिकोड करते हैं, ताकि आपके मन में उठ रहे हर सवाल का स्पष्ट जवाब मिल सके। भारत सरकार 'द्वीपों के समग्र विकास' कार्यक्रम के तहत ग्रेट निकोबार द्वीप को एक वैश्विक समुद्री और व्यापारिक हब में बदलना चाहती है। इस मेगा-प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 72,000 करोड़ से 82,000 करोड़ रुपये (लगभग $10 बिलियन) है और इसे 166.10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र (द्वीप का करीब 16% हिस्सा) में विकसित किया जाएगा। कुछ अनुमानों के अनुसार इसकी लागत 92,000 करोड़ रुपये तक जा सकती है। गैलाथिया बे में 14.2 मिलियन ळएव क्षमता का एक विशाल अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह बनेगा। सैन्य और नागरिक उपयोग के लिए एक नया हवाई अड्डा बनेगा, जिसकी क्षमता सालाना 1 करोड़ यात्रियों को संभालने की होगी।

## बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार, असम में हैट्रिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट सोमवार को आए। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में सरकारें बदल गईं। असम और पुडुचेरी में एनडीए ने वापसी की।

तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें उ्टड या अक्अउ्टड नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एम के स्टालिन चुनाव हार गए।

**महिला को मिल सकती है कमान:** बंगाल में भाजपा ने बिना चेहरे के चुनाव लड़ा, इसलिए अब बड़ा सवाल यह है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे है। पार्टी किसी महिला चेहरे को भी ला सकती है।

**भाजपा का 70% स्ट्राइक रेट:** बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70% का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, ळटउ 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6% रहा।

**ममता समेत 12 मंत्री हारे:** सीएम ममता समेत 12 मंत्री चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है।


**पहली बार राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार:** 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।

**नॉर्थ से साउथ तक BJP:** साउथ बंगाल पहले ळटउ का मजबूत गढ़ था, यहां BJP ने सबसे ज्यादा 33 सीटें जीतीं। नॉर्थ 24 परगना में इखढ ने 18 सीटें जीत लीं। ळटउ को यहां 15 सीटें मिलीं। पूर्वी मेदिनीपुर में इखढ ने 16 और हुगली में 15 सीटें जीतीं। नॉर्थ बंगाल की 54 सीटों में इखढ ने 27 सीटें जीतीं।

### बंगाल के लिए शाह और 5 नेताओं की टीम जुटीः

# दिन में रैलियां कीं, रात में हर सीट का माइक्रो मैनेजमेंट; पार्टी ने 206 सीटें जीतीं




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा की बंगाल विजय ऐतिहासिक है। इस बदलाव के रणनीतिकार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रहे जो 15 दिन से ज्यादा बंगाल में डटे रहे। उन्होंने चुनाव अभियान को मिशन में बदल दिया।

शाह दिन में रैली और रोड शो करते, रात में हर सीट की समीक्षा करते। इसी आधार पर माइक्रो मैनेजमेंट देखते थे। 50 से अधिक रैली और रोड शो किए। उनके साथ 5 और प्रमुख नेता कोर टीम की तरह हर मोर्चे पर डटी रही।

भाजपा की जीत के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की करीब डेढ़ दशक लंबी तैयारी भी है। 2011 में राज्य में करीब 530 शाखाएं थीं, जो 2500 से ज्यादा हो चुकी हैं। पिछले साल में 583 नई शाखाएं खुलीं। चुनाव से पहले संघ ने पर्दे के पीछे रहकर एक लाख से ज्यादा छोटी बैठकों के जरिए परिवर्तन का नैरेटिव सेट कर दिया।

पीड़ितों का कवचः 2021 की हिंसा के बाद संघ सुरक्षा कवच की भूमिका में आया। पीड़ितों के घर जाकर आर्थिक और कानूनी मदद दी। शीर्ष नेतृत्व से संवाद कराया। संदेश गया कि संगठन साथ है।

संदेशखाली से आवाजः संदेशखाली जैसे इलाकों में सीधे टकराव के बजाय भरोसे की रणनीति अपनाई। महिलाओं व पीड़ितों से संवाद के जरिए उन्हें बात उठाने को प्रेरित किया। बड़ी संख्या में लोग सामने आए।

बाहरी नैरेटिव खत्मः सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर काम किया। स्थानीय त्योहारों, विवेकानंद और सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों और क्षेत्रीय पहचान से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए भाजपा को स्थानीय विकल्प के रूप में पेश किया।

डर तोड़ने का अभियानः गांव-मोहल्ले तक पहुंच वोटर्स-वर्कर्स में भरोसा बनाया कि निडर हो वोट दें। लोगों को बूथ तक लाने की तैयारी की। हर क्षेत्र-बूथ की जमीनी स्थिति

### रक्षा मंत्री बोले- डिफेंस की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करेंः प्रयागराज में राजनाथ सिंह ने कहा-

# हमें सरप्राइज एलिमेंट पर प्रो-एक्टिव होकर काम करना है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रयागराज में सोमवार को उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी (नॉर्थ टेक सिम्पोजियम) 2026 की शुरूआत हो गई। इसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने कहा- डिफेंस कॉरिडोर की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करें। उन्होंने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया को हमारी ताकत का एहसास हो गया है।

उन्होंने कहा- मैं प्रो-एक्टिव तैयारी की बात कर रहा हूं। वो है सरप्राइज एलीमेंट। हमें ऐसी क्षमताएं भी विकसित करनी है जो जरूरत पड़ने हम ऐसा प्रहार कर सकें जिससे दुश्मन सरप्राइज हो जाए। मुझे पता है कि हमारी सेना इस ओर काम कर रही हैं। अब हमें प्रो-एक्टिव होकर काम करना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण हमारे सामने है। इस ऑपरेशन के एक साल पूरे हो चुके हैं। जब भी ऑपरेशन सिंदूर की बात आती है तो मुझे अपनी सेनाओं के शौर्य स्वाभाविक रूप से याद आता है।

आतंकियों को और उनके सरपरस्तों को जो मुहंतोड़ जवाब हमारे सैनिकों ने दिया उससे पूरे देश का सिर गौरव के साथ ऊंचा हो गया। ये तो अच्छा हुआ कि हमने धैर्य दिखाते हुए केवल आतंकवादियों का सफाया किया। नहीं तो हमारी सेनाएं क्या कुछ करने में सक्षम नहीं हैं। इसका अंदाजा पूरी दुनिया को अब हो चुका है।

रक्षा मंत्री ने कहा- साथियों ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में टेक्नोलॉजिकल वार फेयर का एक नमूना है। इस ऑपरेशन में आकाश और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल के लेटेस्ट सिस्टम को शामिल किया गया। मैंने हमेशा आर्म फोर्सेस और डिफेंस को बराबर एक बात कही है। हमने सिर्फ एक्टिव नहीं बल्कि प्रो एक्टिव भी रहना है। हर प्रकार की स्थिति के लिए तैयार रहना है। क्योंकि आज के समय कब क्या हो जाए कुछ भी संभावित नहीं है। अन्य क्षेत्रों में जैसे चिकित्सा और शिक्षा में अगर कोई नई टेक्नोलॉजी आती है तो उसे एक-दो साल में भी अपना सकते हैं। जो स्वाभाविक रूप से संभल जाती है। लेकिन डिफेंस के क्षेत्र में हम सोचेंगे कि एक साल बाद इस नई चुनौती से निपटने का उपाय सोचेंगे। लेकिन ये सोच हमारे लिए यह घातक होगी। एक साल की देरी का मतलब दुश्मन हमारे ऊपर हावी हो जाए। इसलिए मैंने कहा- हमारा रवैय्या रिएक्टिव नहीं प्रो एक्टिव होना चाहिए।



### आगे बढ़ने का एक ही मंत्र है एडप्टबिलिटी

रक्षामंत्री ने कहा- साथियों आज के परिवेश में आगे बढ़ने का एक ही मंत्र है, एडप्टबिलिटी। बदलती परिस्थितियों में खुद का बदलना ही हमारी प्रायोरिटी होनी चाहिए। जो देश तकनीकी क्रांति को तेजी से एडाप्ट करेगा वही फ्यूचर वार फेयर में तेजी से आगे निकलेगा। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी रहे। भारतीय सेना की उत्तरी कमान, मध्य कमान और सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (रक्ळ्ट) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित और तीन दिन चलने वाले इस सिम्पोजियम (4-6 मई) में स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन और एकीकरण का प्रमुख मंच बनेगी।

## भाजपा ने पोलिंग एजेंट भी परीक्षा लेकर बनाए:कुछ पॉकेट्स से निकल भाजपा पूरे प्रदेश में छाई;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बंगाली अस्मिता नैरेटिव के मुकाबले पीएम नरेंद्र मोदी के डबल इंजन के वादे को चुना। कमल की आंधी में तृणमूल बिल्कुल तिनकों की तरह ही उड़ गई। भाजपा लंबे समय से संगठन के स्तर पर तैयारी में जुटी थी।

पोलिंग एजेंट चुनने के लिए भी मौखिक और लिखित परीक्षाएं तक ली गई थीं। पिछले छह महीने से पार्टी का ध्यान दो लक्ष्यों के साथ जमीनी नेटवर्क पर रहा। पहला, ग्रामीण इलाकों में डर के माहौल का मुकाबला और सुनिश्चित करना कि वोटर पोलिंग बूथ तक पहुंचे। ग्राउंड पर तमाम प्रयासों का नतीजा ये रहा कि भाजपा अपने साथ नए वोटर्स को जोड़ने में सफल रही। पिछले चुनाव में टीएमसी का वोट शेयर 48.5% था, जो इस बार 40.80% रह गया। वहीं, भाजपा 38.4% से बढ़कर 45.85% वोट पर पहुंच गई। इसके पीछे हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण बड़ा कारण है।हालांकि, सिर्फ ध्रुवीकरण ही इकलौती वजह नहीं है। रोजगार की कमी, पलायन, औद्योगिक ठहराव, पंचायत स्तर की दादागिरी और स्थानीय टीएमसी कैडर से नाराजगी निर्णायक रही। पश्चिमी औद्योगिक पट्टी आसनसोल, दुगार्पुर और बैरकपुर जैसे इलाकों में भाजपा ने बंद मिलों, नौकरी, लॉजिस्टिक्स हब और सिंडिकेट राज के खिलाफ अभियान चलाया।

### ट्रम्प ने कहा था यहां फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालेंगे

# दावा- होर्मुज में अमेरिकी जहाज पर ईरान का मिसाइल अटैक, अमेरिका बोला- ये झूठ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक अमेरिकी नेवी शिप पर दो मिसाइलें दागीं। हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद उसे पीछे हटना पड़ा। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इस बारे में जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला तब किया गया जब अमेरिकी जहाज ईरानी नौसेना की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए होर्मुज से गुजरने की कोशिश की। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड सेंटकॉम ने होर्मुज में अपने किसी भी नौसैनिक जहाज पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अमेरिकी सेना होर्मुज में प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत काम कर रही है।

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिकी सेना इस इलाके में फंसे जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करेगी और किसी भी रुकावट का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

1. ईरान की चेतावनीः पूर्व कमांडर मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा।

2. जंग रोकने का नया प्रस्तावः अमेरिका को पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस नए प्रस्ताव का रीव्यू भी कर रहे है।

3. कार्गो शिप पर बोट्स से हमलाः होर्मुज स्ट्रेट में एक बड़े कार्गो जहाज पर छोटे-छोटे नावों से हमला किया गया है। किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली है।

4. अब तक 49 जहाजों ने रास्ता बदलाः अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया है कि ईरान के बंदरगाहों पर चल रही घेराबंदी के दौरान अब तक 49 व्यापारिक जहाजों का रास्ता बदल दिया गया है।

5. अमेरिका में पेट्रोल महंगाः अमेरिका में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 4.45 डॉलर (370 रुपए) प्रति गैलन (3.78 लीटर) हो गई है। 28 फरवरी के बाद से पेट्रोल की कीमत 1.47 डॉलर (122 रुपए) बढ़ चुकी है।

### अमेरिका बोला- ईरान हमारी सैन्य ताकत से दूर रहे

अमेरिकी सेना के एक बड़े अधिकारी एडमिरल ब्रैड कूपर ने ईरान को सख्त चेतावनी दी है कि वह अमेरिकी सैन्य ताकत से दूर रहे।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेना ने 6 ईरानी नावों को डुबो दिया, जो व्यापारिक जहाजों को परेशान करने की कोशिश कर रही थीं। इसके अलावा, अमेरिका ने ईरान की तरफ से आए मिसाइल और ड्रोन को भी रोक दिया। यह सब प्रोजेक्ट फ्रीडम नाम के ऑपरेशन के तहत किया जा रहा है, जिसका मकसद होर्मुज के रास्ते को सुरक्षित रखना है।

अमेरिका का कहना है कि ईरान की सेना ने व्यापारिक जहाजों पर हमला किया, इसलिए अमेरिकी सेना उनकी सुरक्षा कर रही है।




### हिजबुल्लाह ने अमेरिकी राजदूत को लेबनान से निकालने की मांग की

लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह के नेता अली अम्मार ने सरकार से मांग की है कि अमेरिका के राजदूत को 'पर्सोना नॉन ग्राटा' (अवांछित व्यक्ति) घोषित किया जाए। यह मामला एक वीडियो से शुरू हुआ। एक टीवी चैनल ने हिजबुल्लाह के लोगों को 'एंग्री बर्ड' गेम के किरदारों जैसा दिखाया। इससे उनके समर्थक नाराज हो गए। इसके बाद कुछ लोगों ने एक बड़े ईसाई धर्मगुरु बिशारा राय के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट शेयर कर दी। इस पर और विवाद बढ़ गया।

अमेरिका के राजदूत ने कहा कि लेबनान में ऐसे काम ठीक नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग ऐसा करते हैं, वे किसी और देश में चले जाएं। इस बात से हिजबुल्लाह नाराज हो गया। उनका कहना है कि यह लेबनान के अंदरूनी मामलों में दखल है, इसलिए अमेरिकी राजदूत को देश से बाहर निकाला जाए। दुबई के पास समुद्र में एक माल ले जाने वाले जहाज (कार्गो शिप) में आग लग गई। यह आग जहाज के इंजन वाले हिस्से में लगी थी। यह जहाज दुबई से लगभग 58 किलोमीटर दूर था।

# ईरान बोला- होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना देंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान के सीनियर अधिकारी मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। मोहसिन रजाई पहले ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड में कमांडर रह चुके हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को समुद्री लुटेरा (पाइरेट) बताते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया का इकलौता ऐसा पाइरेट है जिसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर हैं।

रजाई ने पिछले महीने इस्फहान में एक अमेरिकी F-15 विमान गिराए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि जैसे उस विमान का मलबा पड़ा था, वैसे ही अमेरिकी जहाजों और सैनिकों का भी अंजाम हो सकता है।

वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि ईरान ने कोई गलती की, तो उस पर फिर से हमले हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका फिलहाल मजबूत स्थिति में है, जबकि तेहरान दबाव में है और समझौता करना चाहता है। इसके अलावा ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है, जिसके डिटेल ड्राफ्ट का इंतजार है। इस नए प्रस्ताव का हम रीव्यू भी कर रहे है।

ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह 14-पॉइंट का प्रस्ताव अमेरिका के 9-पॉइंट प्लान के जवाब में भेजा गया है। इसमें 30 दिनों के भीतर सभी मुद्दों के समाधान, भविष्य में हमलों के खिलाफ गारंटी, क्षेत्र से अमेरिकी सैनिकों की वापसी, फ्रीज किए गए ईरानी एसेट्स को रिलीज करने, प्रतिबंध हटाने और युद्ध के मुआवजे की मांग शामिल है।

इसके अलावा प्रस्ताव में होर्मुज स्ट्रेट को लेकर नया मैकेनिज्म बनाने, अमेरिकी नेवल नाकेबंदी खत्म करने और क्षेत्रीय संघर्षों को समाप्त करने की बात भी कही गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, समझौते के बाद परमाणु कार्यक्रम पर अलग से बातचीत का प्रस्ताव भी रखा गया है।

ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते को लेकर नई टिप्पणी सामने आई है। एक्सपर्ट ने कहा है कि डील की दिशा में कुछ हलचल दिख रही है, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रुख ही सबसे बड़ी बाधा बन सकता है। ईरान पॉडकास्ट की होस्ट और सेंटर फॉर इंटरनेशनल पॉलिसी की सीनियर फेलो नेगर मोर्तजावी ने अल जजीरा से कहा कि ईरान अपने प्रस्ताव में बदलाव करके लचीलापन दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प भी युद्ध से बाहर निकलना चाहते हैं।

हालांकि, मोर्तजावी के मुताबिक असली समस्या यह है कि मामला अब ह्रअहंकारह्न का बन गया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प खुद को पूरी तरह विजेता के रूप में देखना चाहते हैं और ईरान से पूरी तरह सरेंडर की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हकीकत यह है कि ईरान पूरी तरह झुकने वाला नहीं है। ऐसे में जब तक व्हाइट हाउस इस बात को नहीं समझेगा, तब तक दोनों पक्षों के बीच अलग-अलग मुद्दों पर समझौते की कोशिश मुश्किल बनी रहेगी।

# स्टैनफर्ड-एमआईटी के एक्सपर्ट की चेतावनी:जैमिनी, चैटजीपीटी व क्लाउड खतरनाक जानकारियां दे रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

कुछ दिन पहले स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के माइक्रोबायोलॉजिस्ट व बायोसिक्युरिटी एक्सपर्ट डॉ. डेविड रलमैन लैपटॉप के सामने बैठे थे, उनके पसीने छूट रहे थे। स्क्रीन पर एआई चैटबॉट विस्तार से बता रहा था कि सामूहिक नरसंहार की योजना कैसे बनाएं...

यह किसी साइंस-फिक्शन फिल्म का दृश्य नहीं, बल्कि एआई की वह खौफनाक हकीकत थी, जिसने वैज्ञानिकों की रातों की नींद उड़ा दी है। डॉ. रलमैन को एक एआई कंपनी ने उत्पाद की सार्वजनिक रिलीज से पहले उसकी सुरक्षा जांच की जिम्मेदारी दी थी। चैटबॉट ने न ?सिर्फ कुख्यात रोगजनक (पैथोजन) को लैब में मॉडिफाई करने का तरीका बताया ताकि उस पर मौजूदा दवाएं बेअसर हो जाएं बल्कि उसने बड़े सार्वजनिक परिवहन तंत्र की सुरक्षा खामियों की भी पहचान की। चैटबॉट ने बिंदुवार समझाया कि उस सुपरबग को कहां और कैसे फैलाया जाए ताकि कम वक्त में ज्यादा लोग मारे जाएं।



# समुद्र में जहाज पर चूहों वाला वायरस फैला, हंतावायरस से 3 की मौत, अफ्रीका तट पर जहाज रोका गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अटलांटिक महासागर में एक क्रूज शिप पर चूहों वाले वायरल (हंतावायरस) संक्रमण का मामला सामने आया है। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है और कम से कम तीन लोग बीमार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को इसकी पुष्टि की।

हॉडियस नाम के इस क्रूजशिप को फिलहाल अफ्रीकी देश केप वर्डे की राजधानी प्राया में रोका गया है। अभी यात्रियों को उतरने की अनुमति नहीं मिली है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि संक्रमण फैलने के खतरे को नियंत्रित किया जा सके।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जहाज पर 6 लोगों में संक्रमण जैसे लक्षण मिले हैं। इनमें से एक मामले की पुष्टि लैब में हो चुकी है। एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है, जबकि दो को जहाज से निकालने की तैयारी की जा रही है। यह भी अभी पता नहीं है कि सभी बीमार लोग हंतावायरस से संक्रमित हैं या नहीं। यह बीमारी आखिर कैसे और कहां से फैली है, इसकी जांच चल रही है।



नीदरलैंड के झंडे वाला यह क्रूज शिप 20 मार्च को अर्जेंटीना के उशुआइया से रवाना हुआ था। इसके बाद यह दक्षिणी ध्रुव के आसपास के इलाकों में गया और फिर अटलांटिक पार करते हुए यूरोप की ओर बढ़ रहा था। इसे सबसे आखिर में स्पेन के कैनरी द्वीप तक पहुंचना था, जो अफ्रीका के पास अटलांटिक में स्थित एक प्रमुख पर्यटन क्षेत्र है। जहाज में कुल 170 यात्री और 71 क्रू सदस्य मौजूद हैं। इनमें एक डॉक्टर भी शामिल है। पहला मृतक 70 साल का एक व्यक्ति था, जिसकी मौत जहाज पर ही हो गई थी।

### संक्रमण कैसे फैला, इसकी जांच की जा रही

सबसे बड़ा सवाल यह है कि संक्रमण आया कहां से। अर्जेंटीना के जिस इलाके से जहाज रवाना हुआ, वहां हंतावायरस का कोई मामला दर्ज नहीं है। जहाज ऐसे क्षेत्रों में भी नहीं गया जहां यह वायरस आम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि संक्रमण जहाज के अंदर हो सकता है। सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल के मुताबिक, हंतावायरस व्यक्ति के चूहे या गिलहरी के संपर्क में इंसान के आने से फैलता है। यह मुख्य रूप से चूहों में होता है। इसके कारण चूहों में कोई बीमारी नहीं होती, लेकिन इंसानों की मौत हो जाती है। हंतावायरस का 1993 में पहली बार पता चला था। तब अमेरिका में एक कपल संक्रमित होने के कारण मर गया था। इसके बाद कुछ ही महीनों में इस बीमारी से 600 लोगों की मौत हो गई थी। चूहे के यूरिन, मल और लार के संपर्क में आने पर इंसान संक्रमित हो जाते हैं। इसकी वजह से पल्मोनरी सिंड्रोम नाम की बीमारी होती है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. भगवान, ईश्वर, रब-7
6. रुपए का सोलहवां भाग-2
7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8. मूल्य, कीमत, दर-2
10. जी, इच्छा, चित-2
11. नल्का, टोंटी-2
13. बारीक, सूक्ष्म-3
14. रेखा, लाइन-3
15. रग, नाड़ी-2
17. अधिकार-2
18. वध, कत्ल, मर्डर-2
20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)
21. एक आंख वाला-2
22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करा-4, 3

**ऊपर से नीचे**

2. निर्माण, बनाना-3
3. एक संगीतकार-4
4. गाड़ी चलानेवाला-4
5. नखरा-2
6. आरामदेय-5
9. इच्छा पूरी करना-2, 3
10. चिंतन-3
12. उत्साह, जिज्ञासा-3
16. हद, सीमा, बार्डर-4
17. हमेशा, सदैव-4
19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2
21. नास्तिक (उर्दू-2)

### पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ही | | क | | म | | ह | क |
| ला | | सा | फ | | म | श | | हा |
| म | त | ली | | मो | | क | ल | र |
| | ल | | व | प | ल | | ह | |
| प | थ | रा | ना | | थ | प | ल | ला |
| | फ | | व | हा | र | | हा | |
| भ | र | म | | नि | | प | ना | ह |
| ला | | द | ल | | क | द | | बे |
| ई | ख | | म्हा | | ली | | डा | ली |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 40 | | 45 | | 32 | = | 23 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 6 | | 45 | | 1 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 3 | | 70 | | 2 | = | 40 |
| | | | | | | | | |
| 15 | | 10 | | 5 | | 5 | = | 30 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 15 | | 39 | | 15 | | 35 | = | 3 / 4 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ज | य | ज | ग | ल | य |
| रा | ज | ल | प्र | क्ल | ला | य | ना | ज | कं | इ |
| य | प | आ | हे | ज | टी | ना | अ | व | प | रू |
| ई | नी | व | क्र | य | वा | स | त | ल | ट | प |
| प | ना | ह | प्या | र | तो | हो | स | ही | था | त |
| अ | न | क | प | र | स्व | ल | वी | ण | ई | व |
| द | बु | न | न | ट्रे | रू | ड | र | ज | य | र |
| क | र | कृ | प | क्ष | प | क्र | र | चो | श | ख |
| र | य | त | ति | रा | हो | प | य | अ | रे | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | प | द |
| क | इ | क | अ | ध | ज | चि | त्र | व | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

टीचर - भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
स्टूडेंट - भावना।
टीचर - कैसे?
स्टूडेंट - क्योंकि सब इसमें बह जाते हैं।
टीचर बेहोश!

000000000

संता - पंजाब एक्सप्रेस कब आएगी?
टीटी - पांच बजे।
संता - लोकल?
टीटी - 9 बजे... आपको जाना कहां है?
संता - कहीं नहीं... बस पटरी पर लेटकर सेल्फी लेनी है।

000000000

पति - आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी - गिर गई थी और लग गई।
पति - कहां गिर गई और कहां लगी?
पत्नी - तकिए पर गिर गई थी और आंख लग गई थी।


0000000000

सोनू मोनू आपस में बात कर रहे थे
सोनू - यार मैं अपनी गर्लफ्रेंड को बर्थडे पर क्या गिफ्ट दूं?
मोनू - मेरा मोबाइल नंबर दे दे।

000000000

पप्पू - नींद के पीछे मत भागो।
गप्पू - फिर?
पप्पू - भागना है तो पढ़ाई के पीछे भागो... नींद झक मार के आएगी।

## रंग भरकर चित्र बनाओ




# 49 साल में पहली बार देश में लेफ्ट सरकार नहीं

# 1957 में केरलम में नंबूदरीपाद ने सत्ता दिलवाई; 2026 में केरलम से ही खत्म




**केरलम विधानसभा चुनाव में पिनराई विजयन की अगुवाई वाले लेफ्ट एलायंस छऊऋको हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस की अगुवाई वाली 140 में से 90 से ज्यादा सीटें जीतकर 10 साल बाद सत्ता में वापसी कर ली है। केरलम में इस हार के बाद 49 साल में यह पहली होने जा रहा है जब देश के किसी भी राज्य में लेफ्ट की सरकार नहीं है। जानते हैं देश में वामपंथ के विस्तार, जीत और हार से जुड़ी प्रमुख बातें..**

## क्या है कम्युनिस्ट विचारधारा?



कम्युनिज्म की शुरुआत 1848 में जर्मनी से हुई, जब दार्शनिक **कार्ल मार्क्स** ने अपने घोषणापत्र में कहा-

अमीरी-गरीबी का भेद खत्म हो, संसाधनों पर सबका बराबर का हक हो।

राज्य की हर चीज पर सरकार का अधिकार हो, कुछ भी प्राइवेट न हो।

1917 में रूस में जार (शासक) की हत्या कर दुनिया की पहली कम्युनिस्ट सरकार बनी।

अभी चीन, क्यूबा, वियतनाम, लाओस और उत्तर-कोरिया में लेफ्ट का शासन है।

### गांधी की तस्वीरें हटाईं, माओ-स्टालिन की लगाईं

इसी बीच केरलम के स्कूल-कॉलेजों से गांधी की तस्वीर हटाकर माओ और स्टालिन की तस्वीर लगाई जाने लगीं। कहा जाने लगा कि नंबूदरीपाद की सरकार बनाने के लिए कम्युनिस्ट देशों ने फंड भेजे हैं। इसके विरोध में केरलम के गांधी कहे जाने वाले मन्नथ पिल्लई की अगुआई में लाखों लोग सड़कों पर उतर गए। हजारों लोग जेल में डाल दिए गए। आंदोलन को दबाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसमें मछुआरे कम्युनिटी की एक प्रेग्नेंट महिला की जान चली गई। आंदोलन और भड़क उठा। जगह-जगह हिंसा होने लगीं।

## 1947 में मिली आजादी को मानने से इंकार किया

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 1947 में भारत को मिली आजादी को असली आजादी मानने से इंकार कर दिया था। उस वक्त पार्टी का कहना था कि यह आजादी अधूरी और समझौतों का परिणाम है, जिसे उन्होंने 'झूठी आजादी' का नाम दिया। इस हकीकत को पूरी तरह स्वीकार करने में पार्टी को 5 साल से ज्यादा का समय लग गया।**

मार्च 1948 में पार्टी के भीतर एक बड़ा बदलाव हुआ। पीसी. जोशी की जगह बीटी. रणदिवे (इळफ) नए जनरल सेक्रेटरी बने। उनके आते ही पार्टी में 'रणदिवे लाइन' लागू हुई, जो बेहद कट्टर और आक्रामक थी। इसी सोच के तहत जनवरी 1950 में संविधान लागू होने से पहले ही उढकने इसका विरोध किया। उन्होंने तर्क दिया कि कांग्रेस के नेता भारतीय जनता पर 'गुलामी का संविधान' थोप रहे हैं।

लेफ्ट पार्टी ने नेहरू सरकार को हिंसक तरीके से उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। 1948 और 1949 के दौरान यह नीति पूरी तरह विफल रही। इसके बाद मई-जून 1950 में बीटी. रणदिवे को पद से हटा दिया गया। पार्टी की सेंट्रल कमेटी ने यह स्वीकार किया कि बिना सोचे-समझे 9 मार्च 1949 को देशव्यापी हड़ताल और विद्रोह का जो आह्वान किया गया था, वह बड़ी भूल थी। करीब 6 साल के बाद उढक अपनी कट्टर विचारधारा छोड़कर देश की आजादी की सच्चाई स्वीकार करने के लिए मजबूर हुई।



**चीन युद्ध पर सरकार से अलग रुख के कारण दूसरा बड़ा विभाजन**

1962 के भारतझ्रचीन युद्ध ने उढकके भीतर वैचारिक दरार बढ़ा दिया। पार्टी का एक धड़ा नेहरू सरकार के समर्थन में था। दूसरा धड़ा चीन को आक्रमणकारी मानने को तैयार नहीं था। 'राष्ट्रवाद बनाम अंतरराष्ट्रीय साम्यवाद' की इस बहस के बीच, चीन समर्थक माने जाने वाले नेताओं को जेल में डाल दिया गया। इसी तनाव ने पार्टी के आधार को हिला दिया और कम्युनिस्ट आंदोलन दो फाड़ हो गया।

## दुनिया की पहली चुनी हुई लोकतांत्रिक लेफ्ट सरकार



1956 में त्रावणकोर, कोचीन और मालाबार को मिलाकर एक नया राज्य केरलम बना। मार्च 1957 में यहां पहली बार विधानसभा चुनाव हुए। 126 सीटों वाली विधानसभा में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया यानी उढकको 60 सीट मिलीं। 5 निर्दलीय को मिलाकर उसने सरकार बना ली। ये दुनिया में लेफ्ट की पहली चुनी हुई सरकार थी।

ईएमएस नंबूदरीपाद ने मुख्यमंत्री बनने के एक हफ्ते बाद ही दो बड़े कानून लागू किए। पहला- भूमि सुधार कानून और दूसरा- शिक्षा में सुधार को लेकर। भूमि सुधार कानून के बाद बटाईदार किसानों को जमीन खरीदने की छूट मिल गई। लैंडहोल्डिंग की लिमिट तय हो गई। वहीं, एजुकेशन बिल के जरिए प्राइवेट संस्थानों को रेगुलेट करने के लिए सख्त नियम बना दिए। 2 फरवरी 1959 को इंदिरा गांधी कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं। इसके बाद वो केरलम गईं। वहां से लौटने के बाद उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रधानमंत्री नेहरू को सौंप दी। 31 जुलाई 1959 को केरलम सरकार बर्खास्त कर दी गई।

## बंगाल में 1967 में लेफ्ट सरकार बनी

पश्चिम बंगाल में पहली बार लेफ्ट ने 1967 में 'यूनाइटेड फ्रंट' गठबंधन के जरिए सरकार में आई। उस समय अजय मुखर्जी मुख्यमंत्री बने थे और ज्योति बसु डिप्टी सीएम थे। हालांकि, सरकार बहुत अस्थिर रही।

1975 में जब इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई, तो उढकने शुरूआत में इंदिरा गांधी और इमरजेंसी का समर्थन किया था, जबकि उढक(ट) ने इसका विरोध किया था और उनके कई नेता जेल भी गए थे। 1977 के विधानसभा चुनावों में लेफ्ट को बंगाल में भारी बहुमत मिला और यहीं से राज्य में कम्युनिस्टों के लंबे शासन की असली शुरूआत हुई। ज्योति बसु मुख्यमंत्री बने और लगातार 2000 तक राज्य के सीएम रहे। उनके बाद बुद्धदेव भट्टाचार्य मुख्यमंत्री बने, जिन्होंने राज्य में उद्योगों को लाने की कोशिश की। लेकिन सिंगूर और नंदीग्राम जैसे भूमि अधिग्रहण विवादों के बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने 2011 में कम्युनिस्टों के 34 साल पुराने शासन को खत्म कर दिया। उस वक्त के सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य खुद अपना चुनाव हार गए।

### 2004 में सबसे बड़ा लेफ्ट मोर्चा

2004 के लोकसभा चुनावों में वामपंथी दलों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। लेफ्ट मोर्चे ने 80 सीटें जीती। मनमोहन सिंह की पहली वढअ सरकार पूरी तरह से लेफ्ट के समर्थन पर टिकी थी। नरेगा (टऋठएअ) और फळक जैसे कानूनों को लागू करवाने में उनकी प्रमुख भूमिका रही। **2008, न्यूक्लियर डील: गठबंधन से अलगाव-** भारत-अमेरिका परमाणु समझौते (क्लङ्गि-वर ठ४'ीं१ उें') के मुद्दे पर वामपंथियों ने वढअ का विरोध किया। उन्होंने वढअ-1 से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद से 18 सालों में कभी लेफ्ट केंद्र की सत्ता के आस-पास भी नहीं आया। **2011 में बंगाल, 2018 में त्रिपुरा और 2026 में केरलम में हार-** पश्चिम बंगाल (2011): 34 साल के निरंतर शासन के बाद ममता बनर्जी ने लेफ्ट को सत्ता से बहार किया। लगातार दो विधानसभा चुनावों में बंगाल में लेफ्ट का एक भी विधायक नहीं है। त्रिपुरा (2018): 25 साल से सरकार में लेफ्ट माणिक सरकार के नेतृत्व में चुनाव में गई। भाजपा ने ह्यचलो पलटाईह्न के नारे के साथ उन्हें हरा दिया। आज त्रिपुरा में लेफ्ट तीसरे नम्बर का मोर्चा है। केरलम (2026): केरलम लेफ्ट का आखिरी गढ़ माना जा रहा है। लेकिन अब पार्टी चुनाव में हार के बाद यहां भी सत्ता से बाहर हो चुकी है।

### 90 के दशक में ज्योति बसु को 3 बार पीएम बनाने का ऑफर

उढकके पूर्व डायरेक्टर अरुण प्रसाद मुखर्जी ने अपनी किताब 'राजीव गांधी, ज्योति बसु, इंद्रजीत गुप्त के अनछुए पहलू' में बताया है कि 1990 और 1991 के उथल-पुथल भरे दौर में राजीव गांधी चाहते थे कि ज्योति बसु देश के प्रधानमंत्री बनें। पहली बार अक्टूबर 1990 में राजीव गांधी ने ज्योति बसु से मिलने की इच्छा जताई थी, लेकिन तब बसु ने यह कहकर मना कर दिया कि यह उनका निजी फैसला नहीं हो सकता और केवल उनकी पार्टी (उढट) ही इस पर निर्णय ले सकती है। लेफ्ट नेताओं के मना करने के बाद ही चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने थे।

इसके बाद साल 1991 में जब चंद्रशेखर सरकार गिर गई, तो राजीव गांधी ने एक बार फिर ज्योति बसु से संपर्क साधा। इस बार भी ज्योति बसु ने फैसला पार्टी के नेतृत्व पर छोड़ दिया और प्रधानमंत्री बनने से इनकार कर दिया। इसके बाद 1996 में यूनाइटेड फ्रंट के सांसदों ने फिर से बसु को पीएम बनने का ऑफर दिया। इस बार भी पार्टी के अधिकतर नेता नहीं माने। लेफ्ट के बड़े नेता सीताराम येचुरी बताते हैं कि ज्यादातर लोगों का उस समय मानना था कि लेफ्ट मोर्चे के पास सिर्फ 32 सांसद हैं, इसलिए एक कमजोर सरकार का हिस्सा बनना सही नहीं रहेगा।

■ वर्ष-12 अंक-181 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 05 मई, 2026

## सुभाषितानि

माता शत्रु: पिता वैरी येन बालों ने पाठित:।।
न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये बको यथा।।

**भावार्थ** : जो माता-पिता अपने बच्चों को शिक्षित नहीं करते हैं, माता शत्रु के समान होती है और पिता शत्रु के समान, ऐसा व्यक्ति हंसी के बीच बगुले की तरह विद्वानों के जमावड़े को नहीं शोभा पाता है।

श्रियः प्रदुग्धे विपदो रुणद्धि यशांसि सूते मलिनं प्रमार्टि।।
संस्कारशौचेन परं पुनीते शुद्धा हि वुद्धिः किल कामधेनुः।।

**भावार्थ** : विद्या वास्तव में कामधेनु है, क्योंकि यह धन का पोषण करती है, विपत्ति (परेशानी) को रोकती है, प्रसिद्धि (प्रसिद्धि) लाती है, गंदगी (गरीबी) को धोती है, दूसरों को संस्कार रूप से पवित्र करती है।

## अद्य अपराह्णे यदा सा पुलिस-स्थानम् आगता तदा तस्याः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

सुन्दर बाई आरोपयति यत् यदि पुलिसैः अधिका सक्रियता प्रदर्शिता स्यात् तर्हि तस्याः भर्तुः स्थानं इदानीं यावत् सम्यक ज्ञातं स्यात्। अद्य अपराह्णे यदा सा पुलिस-स्थानम् आगता तदा तस्याः दुःखद-कथां श्रुत्वा तत्र उपस्थितानां अन्येषां जनानां नेत्राणि अश्रुपूर्णानि अभवन्। सा हस्तौ कृत्वा पुलिसप्रशासनं प्रार्थितवती यत् यथाशीघ्रं भर्तुः स्थानं अन्वेष्टुम् यथा तस्याः भग्नजगत् पुनः स्थापितं भवेत्। अस्य विषयस्य अन्वेषणं शीघ्रं भविष्यति इति अधुना अधरतलपुलिसः महिलां आश्वासनं दत्तवान्। पुलिसाधिकारिणः अवदन् यत् ते लापता अमुलखण्डेकरस्य सम्भाव्यनिगूढस्थानानां पुनः परीक्षणं करिष्यन्ति, तथैव तस्य मोबाईलफोनस्थानस्य आँकडानां च पुनः परीक्षणं करिष्यन्ति। तदतिरिक्तं तस्य छायाचित्रं विवरणं च अन्यैः पुलिसस्थानकैः सह साझां क्रियते।

## सम्पादकीयम्

### विपक्षस्य आरोपः

परिसीमनस्य विषयं च प्रति निर्देशितः अस्ति। विपक्षस्य आरोपः अस्ति यत् सर्वकारः महिला आरक्षणस्य आडम्बरेण स्वस्य राजनैतिकहितं प्रवर्तयितुं प्रयतते। सम्प्रति तमिलनाडु-पश्चिमबङ्ग-देशयोः मतदानं भवितुं निश्चितम् इति दृष्ट्वा विशेषसत्रस्य समयविषये अपि प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। अक्ष अधिकतम जीवन विपक्षस्य कारणानि : परिसीमनं महिला आरक्षणं च द्वौ विशिष्टौ विषयौ स्तः येषां पृथक पृथक अवलोकनं सम्बोधनं च आवश्यकम्। संसदे आसनानां संख्या १९७१ तमे वर्षात् अपरिवर्तिता एव अस्ति-एषः स्थिरता दक्षिणराज्यानां चिन्ताभिः सटीकरूपेण चालितः यत् सम्प्रति वादविवादस्य विषयः अस्ति तद्विपरीतम्, विगतदशकत्रयं यावत् महिला आरक्षणस्य विषयः स्थगितः अस्ति। महिला आरक्षणविधेयकं प्रथमवारं १९९६ तमे वर्षे एच्.डी. देवेगौडा प्रशासनं, परन्तु तत् उत्तीर्णं न अभवत्। तदनन्तरं त्रयः अपि प्रयासाः असफलाः अभवन्। पूर्वमेव अतिक्रान्तः : संसदे राज्यसभासु च पर्याप्तं प्रतिनिधित्वं महिलानां अधिकारः अस्ति-एषः अधिकारः तेभ्यः बहुकालपूर्वं दातव्यः आसीत्। अद्यत्वे महिलाः अनेकक्षेत्रेषु समानभागित्वं प्रदर्शयन्ति, राजनीतिः अपवादः अपि उल्लेखनीयः, यत्र ते बहुधा केवलं मतबैङ्कस्य स्थितिं यावत् सीमिताः सन्ति लोकसभायां केवलं १४% महिलासांसदानां आकङ्क्षा कल्पनायाः केनापि खण्डेन जनसंख्यायाः अन्यस्य अर्धस्य प्रतिनिधित्वं न करोति। एकदा सदने महिलानां अधिका उपस्थितिः भवति तदा संसदीयविमर्शेषु नीतिनिर्माणेषु च तेषां विशिष्टविषयाणां अधिकं प्रमुखता भविष्यति इति युक्तिपूर्वकं।

**बर्गी डैम क्रूज त्रासदी : मयुरनस्य अनन्तरं तस्य मातुलस्य**

## कामरनस्य शवः अपि बरामदः अभवत् मृतानां १३ यावत् वर्धिता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरस्य बार्गी-जलबन्धे या क्रूज-दुःखदघटनायां ९ वर्षीयस्य मयुरनस्य शवः-यः लापता आसीत्-दुर्घटनास्थलात् किञ्चित् दूरं यावत् बरामदः अभवत् मयुरनस्य शवस्य आविष्कारस्य अनन्तरं एसडीआरएफ-एनडीआरएफ-दलयोः तस्य मातुलस्य कामरनस्य अन्वेषणं तीव्रं कृतम्; अद्य प्रातः ९:५० वादने लापतस्य कामरनस्य शवः अपि प्राप्तः। अस्मिन् क्रूज-दुःखदघटने मृतानां संख्या अधुना १३ अभवत्।

प्रशासनिकाधिकारिणां मते तमिलनाडुराज्यस्य त्रिचीनगरस्य ९ वर्षीयः मयूरनः (परिमलस्य पुत्रः) बन्धुजनानाम् दर्शनार्थं जबलपुरम् आगतः आसीत्। सः स्वमातुलेन कामरान् इत्यादिभिः परिवारजनैः सह बार्गी-जलबन्धं द्रष्टुं गतः आसीत्, तत्र सः क्रूज-दुर्घटनायाः शिकारः अभवत्। अद्य प्रातः ६:०० वादनस्य समीपे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ-दलयोः अन्वेषणकार्यं पुनः आरब्धम्; अस्मिन् क्रमे दुर्घटनास्थलात् किञ्चित् दूरं मयुरनस्य शवः प्राप्तः। मयुरनस्य शवस्य प्राप्तेः अनन्तरं अन्वेषणकार्यक्रमः अधिकं तीव्रः अभवत्, ततः किञ्चित्कालानन्तरं लापतस्य कामरन आर. कामरनस्य स्वस्थतायाः वार्ता प्राप्य परिवारजनाः, ज्ञातयः च घटनास्थले त्वरितम् आगतवन्तः; उभयोः पीडितयोः शरीरं दृष्ट्वा ते असान्त्वनीयशोकेन भग्नाः अभवन्। तेषां दुःखं दृष्ट्वा तत्र उपस्थितानां अन्येषां जनानां नेत्राणि अपि अश्रुभिः प्रवहन्ति स्म। अतः पूर्वं कालस्य सायं सायं ६:०० वादनस्य समीपे अन्ययोः बालकयोः शवः प्राप्ताः; तेषां पहिचानः श्रीतामिलः (कमराजस्य पुत्रः), ५ वर्षीयः, विराजः (कृष्णसोनीस्य पुत्रः), ५ वर्षीयः च इति ज्ञातम्। उल्लेखनीयं यत् ३० एप्रिल-मासस्य सायं ५:०० वादनस्य समीपे पर्यटकैः परिपूर्णा क्रूज-नौका बार्गी-जलबन्धे पलटित्वा डुबति स्म केवलं २९ यात्रिकाणां कृते टिकटं निर्गतं चेदपि तस्मिन् जहाजे प्रायः ४७ पर्यटकाः आसन्। अद्य प्रातःकाले एव दुर्घटनास्थले पुलिस-प्रशासनिक-अधिकारिणः सक्रियरूपेण संलग्नाः सन्ति।

**ट्रम्पस्य टिप्पणीं कृत्वा विवादः**

## मुस्लिमकाङ्ग्रेसमहिला अमेरिकीराजनीत्यां कोलाहलं जनयति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकनराजनीत्यां पुनः एकवारं उष्णविवादः उद्भूतः, यस्य कारणं डोनाल्ड ट्रम्पस्य वक्तव्यस्य कारणम् अस्ति। अस्मिन् समये सार्वजनिकमञ्चात् वदन् सः डेमोक्रेटिक-काङ्ग्रेस-महिला इल्हान-उमर-इत्यस्य विषये टिप्पणीं कृतवान्- मुस्लिम-इत्यस्य विषये यत् राजनैतिक-वृत्तेषु तीक्ष्ण-प्रतिक्रियाः उत्पन्नाः फ्लोरिडा-नगरे एकस्याः सभायाः समये ट्रम्पः न केवलं इल्हान-उमर-विरुद्धं व्यक्तिगत-आरोपान् कृतवान् अपितु तस्याः निजजीवनस्य उपहासं अपि कृतवान्, तस्याः वाक्-प्रकारस्य अनुकरणं च कृतवान्।

सभायाः समये ट्रम्पः आरोपितवान् यत् इल्हान उमरः स्वस्य भ्रातुः विवाहं कृतवती-एतत् कार्यं सः व्यङ्ग्यात्मकं जिब्स् कृत्वा अवैधरूपेण लक्षणं कृतवान्। अपि च, सः मञ्चात् काल्पनिकं संभाषणं प्रवर्तयति स्म, यत् प्रदर्शनं बहवः आक्षेपार्हं अनादरपूर्णं च मन्यन्ते। एतासां टिप्पणीनां अनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु राजनैतिकमञ्चेषु च तीव्रविमर्शाः प्रवृत्ताः सन्ति। समीक्षकाः वदन्ति यत् एतादृशाः टिप्पण्याः न केवलं व्यक्तिगतशालीनतायाः मानकानां उल्लङ्घनं कुर्वन्ति अपितु राजनैतिकप्रवचनस्य गुणवत्तायाः अपि अवनतिं कुर्वन्ति।

ट्रम्पः तत्रैव न स्थगितवान्; इल्हान उमरस्य नागरिकतायाः विषये तस्याः मूलदेशस्य सोमालियादेशस्य विषये अपि टिप्पणीं कृतवान्। व्यङ्ग्यस्वरेण सः सोमालियादेशस्य स्थितिं प्रश्नं कृतवान् यत् तत्रत्याः परिस्थितयः भयानकाः सन्ति, तथापि तस्मात् राष्ट्रात् आगताः जनाः अमेरिकादेशस्य संचालनस्य विषये वक्तुं अनुमानं कुर्वन्ति इति।

## राशिफल

**मेष** : 5 मई के दिन ऑफिस लाइफ प्रोडक्टिव रहेगी और कई अवसर सामने आ सकते हैं। आज प्रेमी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाए।

**वृषभ** : इस सप्ताह आपके जीवन को प्रभावित करने वाली कोई बड़ी व्यावसायिक समस्या न हो।

**मिथुन** : 5 मई के दिन प्रेम संबंधों को और भी मजेदार बनाने के लिए कुछ बातों पर विचार करें।

**कर्क** : लव के मामले में अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है। ऑफिस में सीनियर्स की एक्सपेक्टेशन को भी पूरा करना चाहिए।

**सिंह** : प्रेम जीवन से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। प्रेम और ऑफिस दोनों ही जीवन में वाद-विवाद से बचना अच्छा रहेगा।

**कन्या** : 5 मई के दिन स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। रोमांटिक कनेक्शन मजबूत होगा। आपका प्रोफेशनल जीवन सफल रहेगा।

**तुला** : 5 मई के दिन प्रेम संबंधों में आश्चर्य की उम्मीद करें और काम में पूरी तरह समर्पित रहें।

**वृश्चिक** : 5 मई के दिन प्रेम संबंधों में उतार-चढ़ाव को दूर करें और नए काम हाथ में लें, जिससे करियर में तरक्की होगी।

**धनु** : 5 मई के दिन कोई गंभीर मेडिकल समस्या आपको परेशान नहीं करेगी। विभिन्न स्त्रोतों से धन भी आएगा।

**मकर** : 5 मई के दिन समृद्धि आपके दरवाजे पर दस्तक देगी। आप स्वस्थ भी रहेंगे। प्यार के मामले में शांत रहें।

**कुंभ** : धन का प्रवाह होगा, जिससे आप महत्वपूर्ण फैसले ले सकेंगे। छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्या परेशान कर सकती है।

**मीन** : 5 मई के दिन ऑफिस में आपको आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। समृद्धि आएगी और स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# 12 साल बाद कर्क राशि में गजलक्ष्मी योग, 4 राशियों की बदलेगी किस्मत

गजलक्ष्मी योग 2026 में बनने वाला एक अत्यंत शुभ ज्योतिषीय योग है, जो शुक्र और गुरु की युति से बनता है और मिथुन व कर्क राशि में इसका प्रभाव विशेष रूप से देखने को मिलेगा, जिससे कई राशियों को धन, सफलता और समृद्धि के अवसर प्राप्त होंगे।

गजलक्ष्मी योग ज्योतिष शास्त्र में बेहद शुभ योगों में से एक माना जाता है, जिसे सुख-समृद्धि, धन वृद्धि और भाग्य के मजबूत होने का संकेत माना जाता है। यह योग तब बनता है जब देवगुरु बृहस्पति और शुक्र ग्रह एक ही राशि में आकर युति करते हैं। गुरु जहां ज्ञान, भाग्य और विस्तार के कारक हैं, वहीं शुक्र सुख, ऐश्वर्य और भौतिक सुख-सुविधाओं का प्रतिनिधित्व करते



हैं। जब ये दोनों ग्रह साथ आते हैं तो जीवन में संतुलन के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक उन्नति के अवसर बढ़ जाते हैं। पहला चरण मई माह में मिथुन राशि में बनेगा, जो 14 मई से शुरू होकर 1 जून तक प्रभावी रहेगा। इसके बाद दूसरा चरण कर्क राशि में बनेगा, जो 8 जून से 4 जुलाई तक रहेगा। कर्क राशि में इस योग का प्रभाव और भी अधिक फलदायी माना जाता है, क्योंकि यहां भावनात्मक स्थिरता के साथ-साथ आर्थिक सुरक्षा और पारिवारिक सुख में वृद्धि होती है। हालांकि इसके शुभ प्रभाव 14 मई से ही धीरे-धीरे दिखाई देने लगेंगे। इस दौरान कुछ राशियों के जीवन में अचानक सकारात्मक बदलाव, करियर में उन्नति, धन लाभ और नए अवसरों के योग बन सकते हैं। यह समय उन लोगों के लिए खास रहेगा जो मेहनत के साथ अपने लक्ष्यों पर काम कर रहे हैं और लंबे समय से किसी अच्छे अवसर का इंतजार कर रहे हैं।

**मिथुन राशि-** गजलक्ष्मी योग का प्रभाव मिथुन राशि के जातकों के जीवन में सकारात्मक और सुखद बदलाव लेकर आ सकता है। शुक्र और गुरु की कृपा से आर्थिक स्थिति मजबूत होने के संकेत हैं और संचित धन में वृद्धि संभव है। पैतृक व्यवसाय या पारिवारिक कारोबार से भी अच्छा लाभ मिल सकता है। इस समय सामाजिक स्तर पर आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और लोग आपकी बातों को महत्व देंगे। विद्यार्थियों के लिए यह समय अच्छा रहेगा, खासकर कला, संगीत, लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के लिए यह गजलक्ष्मी योग बेहद शुभ और भाग्यशाली साबित हो सकता है। इस समय किस्मत का पूरा साथ मिलेगा और मानसिक शांति महसूस होगी। लंबे समय से अटके हुए आर्थिक मामले अब सुलझ सकते हैं। करियर में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे और रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। परिवार के साथ धार्मिक या यात्रा से जुड़े अवसर भी बन सकते हैं, जिससे मन को सुकून मिलेगा।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के कर्म भाव पर इस योग का अच्छा प्रभाव पड़ेगा। करियर के क्षेत्र में महत्वपूर्ण और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। नई नौकरी या बेहतर अवसर मिलने की संभावना है, साथ ही कुछ लोगों को स्थान परिवर्तन या ट्रांसफर का लाभ भी मिल सकता है। इस समय आपकी सोच स्पष्ट रहेगी, जिससे आप भविष्य से जुड़े मजबूत निर्णय ले पाएंगे। सरकारी या प्रशासनिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी रहेगा और आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए यह योग मानसिक और बौद्धिक विकास लेकर आ सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं और उनका प्रदर्शन बेहतर होगा। पारिवारिक जीवन में संतुलन और शांति बनी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना होगी और पदोन्नति के योग भी बन सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छे अवसर मिलने की संभावना है। साथ ही स्वास्थ्य में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिल सकता है।

## खबर एक नजर...

### रात में अचानक चिमनगंज थाना पहुंचे पुलिस अधीक्षक

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था को बनाये रखने और बदमाशों पर लगातार सख्त एक्शन लेने वाले पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा रविवार-सोमवार रात अचानक चिमनगंज थाना पहुंच गये। पुलिस अधीक्षक को देख थाना स्टॉफ अलर्ट हो गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना भवन का निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था के साथ हवालात देखी। उन्होने थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया से क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी ली और कानून व्यवस्था को बनाये रखने, लंबित मामलों का निराकरण करने के साथ जनता के साथ बेहतर व्यवहार के निर्देश दिये। करीब आधे घंटे तक पुलिस अधीक्षक थाने पर मौजूद रहे।

### रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने वाले 4 युवक गिरफ्तार

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौररोड स्थित श्रीकृष्णा रेस्टोरेंट में रविवार-सोमवार रात हुई तोड़फोड़ के मामले में शामिल 4 युवकों लाखन, श्रवण, आशीष और संदीप निवासी कालापत्थर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चारों का एक साथी सन्नी फरार है। एएसआई राजेश जाट ने बताया कि रेस्टोरेंट का संचालन सोम कुमार यादव द्वारा किया जाता है। रात में उनकी शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था। इस दौरान सामने आया कि पांचों युवक विवाद कर रहे थे। जिसका मोबाइल से सोम कुमार ने वीडियो बना लिया था। पांचों ने वीडियो बनाते सोम को देखा तो मोबाइल छीन लिया और रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ की थी। बताया जा रहा है कि गिरफ्त में आये चारों युवक शादियों में इवेंट का काम करते है। रात में वह पाऊच-गुटका लेने पहुंचे थे।

### प्रशांतिधाम के पास 2 परिवारों में विवाद, 4 घायल

**उज्जैन।** इंदौररोड प्रशांतिधाम के पार रेती घाट क्षेत्र में रहने वाले 2 परिवारों के बीच रविवार-सोमवार रात विवाद हो गया। एक परिवार से तीन और दूसरे से एक युवक घायल हुआ है। चरक अस्पताल में भर्ती बालचंद पिता रतनलाल 40 साल ने बताया कि विवाद में उनके परिवार से पत्नी दुगार्बाई, पुत्र रामबाबू घायल है। वहीं साले विष्णु और रिश्तेदार गोकुल को भी मामूली चोंट लगी थी। बालचंद के अनुसार पड़ोस में रहने वाला आशीष शराब पीने का आदी है, आये दिन घर के सामने गाली-गलौच करता है। रात में गाली देने से मना किया तो उसने अपने साथी देबू, पप्पू और अन्य के साथ मिलकर पाईप, डंडे और पत्थरों से हमला किया। दूसरे पक्ष से आशीष नामक युवक घायल है। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस विवेचना कर रही है।

### साईड मांगी तो मिली जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** सेठीनगर में रहने वाला रामप्रतापसिंह पिता शिवचरण भदौरिया 33 साल रविवार रात 11.30 बजे कार से अपने घर लौट रहा था। सनशाइन स्कूल की गली से गुजरते समय सामने दूसरी कार खड़ी थी। रामप्रतापसिंह ने साइड मांगी तो कार में सवार कुछ युवकों ने विवाद शुरू कर दिया और बेसबॉल के डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने रामप्रतापसिंह की शिकायत पर मामले में मारपीट कर धमकी देने वालों के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बी, 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है। मारपीट करने वालों को रामप्रतापसिंह चेहरे से पहचानता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 123-6 | 459-8 |
| मेन बाजार | 289-9 | 600-6 |
| मिलन डे | 480-2 | 145-0 |
| मिलन नाइट | 235-0 | 247-3 |

2 3 6

## एक का मिला सुराग, दूसरे में बाइक सवारों की तलाश

# सुभाषनगर-सार्थकनगर के 2 मकानों में चोरी की वारदात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाषनगर और सार्थक नगर के 2 मकानों में चोरी की बड़ी वारदात होना सामने आया है। सार्थकनगर में वारदात करने वाले बाइक से आये थे। सुभाषनगर में हुई चोरी का सुराग मिल चुका है। वारदात में रिश्तेदार युवकों के शामिल होने की शंका है। जिसका खुलासा जल्द किया जा सकता है।

सुभाषनगर की ओम रेसीडेंसी में रहने वाली साक्षी राठौर इंजीनियर है। वहीं पति देवेन्द्र राठौर भी बैंगलूर में इंजीनियर है। साक्षी 18 अप्रैल से परिवार में शादी होने पर मंदसौर गई हुई थी। 2 मई को वापस लौटी तो ताला टूटा हुआ मिला। लाखों के आभूषण और कीमती सामान चोरी पर मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई। दूसरी वारदात सार्थकनगर में रहने वाले जैन दंपति आंचल और विनय जैन के





मकान में हुई। 2 दिनों से परिवार राजस्थान धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। 2 मई को लौटने पर उनके मकान का भी ताला टूटा मिला। बदमाशों ने लाखों के आभूषण और नगदी चोरी कर लिया था। सूचना पर नीलगंगा थाना पुलिस जांच के लिये पहुंची। इस दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें बाइक पर सवार 2 संदिग्ध दिखाई दिये। एक के चेहरे पर नकाब के रूप में रूमाल बंधा हुआ था। दूसरे ने हेलमेट लगा रखा था। पुलिस बाइक नम्बर ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। जिसके आधार पर बदमाशों का पता लगाया जायेगा। नीलगंगा थाना क्षेत्र में कुछ दिनों में तीसरी चोरी की वारदात होना सामने आया है। सामने आई सुभाषनगर और सार्थक नगर की वारदात से पहले 26 अप्रैल को तिरूपति डायमंड कालोनी में रहने वाले इंजीनियर-शिक्षिका दंपति तवंर परिवार के मकान में 40 लाख के लगभग की चोरी होना सामने आया था। उक्त वारदात के दौरान स्कूटी सवार 2 बदमाशों के फुटेज सामने आये थे। यहीं नहीं 1 मई को दिनदहाड़े पंवासा थाना क्षेत्र के माधौपुरा में वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद के मकान में चोरी की वारदात हुई थी। बदमाश कार से आये थे, जिनका पता लगाने के प्रयास पंवासा था पुलिस कर रही है। इन दिनों शादी-समारोह का सीजन चल रहा है, कई परिवार शहर से बाहर जा रहे है, मकान सूने होने का फायदा बदमाशों द्वारा उठाया जा रहा है। जिसके चलते चोरी की वारदात का ग्राफ बढ़ता दिखाई दे रहा है।

### रिश्तेदार युवकों से शंका में पूछताछ

सुभाष नगर में इंजीनियर दंपति के यहां हुई चोरी में रिश्तेदार नाबालिग युवकों पर शंका जताई गई है। जिनका साक्षी राठौर के घर आना जाना था। शंका के आधार पुलिस 2 नाबालिग युवकों से पूछताछ कर रही है। संभावना है कि जल्द पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है।

# खाचरौद स्टेशन पर मिला लापता 13 साल का बालक



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर में रहने वाला 13 साल का बालक रविवार को घर से लापता हो गया था। परिजनों से सभी जगह तलाश करने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने नाबालिग बालक के लापता होने पर मामले को गंभीरता से लिया और एएसआई गोर्वधनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुल सिंह राठौर, महिला आरक्षक ज्योति हाडा, आरक्षक नारायण सरा की टीम गठित की क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। 8 घंटे की तलाश के बाद पता चला कि उक्त बालक खाचरौद रेलवे स्टेशन पर दिखाई दिया है। तत्काल टीम खाचरौद पहुंची और बालक को तलाश कर दस्तयाब कर लिया। बड़नगर लाने पर बालक से पूछताछ में सामने आया कि परिजनों से उसे स्कूल ना जाने की बात पर फटकार लगाई थी। जिसके चलते वह नाराज होकर घर से बिना बताये चला गया था। बालक को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

# आगर-मालवा से गांजा लेकर आया था ड्रायवर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गांजा बेचने की फिराक में आये युवक की खबर मिलने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के लिये घेराबंदी की। युवक के हिरासत में आने पर उसके पास से 30 हजार रुपए कीमत का गांजा बरामद हो गया। युवक को सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 7 मई तक रिमांड पर लिया गया है।

**पूछताछ के लिये 3 दिनो का लिया रिमांड**

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि रविवार शाम खबर मिली थी कि विक्रमनगर ब्रिज के नीचे एक युवक गांजा बेचने आया हुआ है। वह किसी का इंतजार कर रहा है। जिसकी धरपकड़ के लिये एएसआई एमएस अलावा, आरक्षक संजय बिजापारी, मयूर सोनी के साथ ब्रिज के नीचे घेराबंदी की गई। पिल्लर के पास एक युवक दिखाई दिया, जिसके पास थैली थी, उसे हिरासत में लिया गया और थैली की तलाशी ली तो उसमें




गांजा भरा होना पाया गया। पूछताछ करने पर युवक का नाम लखन पिता जगदीशदास बैरागी 30 साल निवासी देवली मार्ग आगर मालवा सामने आया। उसके पास से बरामद गांजा 1 किलो 900 ग्राम कीमत 30 हजार का होने पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। मामले की जांच एसआई सालगराम चौहान को सौंपी गई है। सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 7 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में लखन ने बताया कि वह ड्रायवरी करता है। गांजा आगर-मालवा से लेकर आया था। इसी आधार पर एसआई चौहान टीम के साथ लखन को आगर मालवा लेकर पहुंचे है। जहां गांजा उपलब्ध कराने वाले की तलाश की जा रही है।

# टीओटी के 11 वें दिन सिंहस्थ 2028 की ग्राउंड प्लानिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी में मोक्षदायिनी क्षिप्रा किनारे 2028 में सिंहस्थ कुंभ का आयोजन होगा। जिसको लेकर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। सोमवार को 11 वें दिन ग्राउंड प्लानिंग पर अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

सिंहस्थ 2028 में देश-विदेश से 2 माह के दौरान उज्जैन में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था, भीड़-यातायात प्रबंधन और आपदाओं से निपटने के लिये 24 अप्रैल को डीजीपी कैलाश मकवाना उज्जैन पहुंचे थे और उन्होने पुलिस सामुदायिक भवन में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान की शुरूआत की



थी। 21 दिवसीय अभियान में सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिले के साथ संभाग के पुलिसकर्मियों को प्रतिदिन अलग-अलग सत्र में सिंहस्थ को लेकर फील्ड विजिट के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। सोमवार को अभियान का 11 वां दिन था। जिसमें मैदान से माइंड तक की तैयारी भीड़ प्रबंधन, इंटेलिजेंस और रूट मैपिंग के माध्यम से हर चुनौती के लिये तैयार रहने का प्रशिक्षण देकर ग्राउंड प्लानिंग का जोर दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को अत्यधिक भीड़ वाले धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रभावी प्रबंधन, सटीक अभिसूचना संकलन और त्वरित समन्वय में दक्ष बनाना है। ग्राउंड प्लानिंग के दौरान पहले सत्र में होल्डिंग एरिया और ट्रैफिक प्लानिंग की जानकारी सुबह के सत्र में डीआईजी खंडवा मनोज राय ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को बताया कि बड़े आयोजनों के दौरान भीड़ को सुरक्षित स्थानों पर रोकने (होल्डिंग), डायवर्जन प्लानिंग और दबाव के समय यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिये कैसे काम करना है। द्वितीय सत्र में रामजी श्रीवास्तव (एसपी शहडोल) ने अभिसूचना संकल पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सूचनाओं के संग्रहण, संवेदनशील इनपुट के विश्लेषण और त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ स्पष्ट किया।

### पेशवाई मार्ग का कराया गया भ्रमण

सिंहस्थ महाकुंभ में साधु-संतो की पेशवाई निकलेगी। इसको लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों को ऑन-ग्राउंड ट्रेनिंग दी गई। डीएसपी ट्रैफिक विक्रम सिंह कनपुरिया के नेतृत्व में पेशवाई मार्ग का भ्रमण किया। इस दौरन पेशवाई के दौरान निकलने वाले जुलूसों, श्रद्धालुओं के प्रवाह और उस मार्ग की भौगोलिक चुनौतियों के अनुसार सुरक्षा घेरा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही कार्तिक मेला ग्राउंड, दौलतगंज क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। संभावित भीड़ के दबाव वाले पॉइंट और सुरक्षा तैनातियों के वास्तविक स्वरूप का अवलोकन किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com